दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरुवार 04 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 174 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अतुल गर्ग की चुनावी सभा में कहा

# मैं आपका था, आपका हूं और आपका रहूंगा



## राम राज्य को आने से कोई ताकत रोक नहीं सकती है

## अतुल गर्ग को सोच समझकर गाजियाबाद से प्रत्याशी बनाया गया है

## तीन तलाक की प्रथा को खत्म करने का काम भी नरेंद्र मोदी ने ही किया



गौरव शशि नारायण (करंट क्राइम)

**गाजियाबाद :** बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला मैदान घंटाघर में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा है कि गाजियाबाद की जनता ने उनको बहुत सहयोग और साथ दिया है। वह पहली बार जब देश की संसद में लोकसभा चुनाव जीत कर गए थे, तो उसकी देन भी गाजियाबाद थी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनता के उनपर बहुत एहसान हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं आपका था, आपका हूं और आपका रहूंगा। उन्होंने इस दौरान प्रत्याशी अतुल गर्ग की तारीफ करते हुए कहा कि अतुल गर्ग को सोच समझ कर ही गाजियाबाद का प्रत्याशी बनाया गया है। वह अनुभवी और सरल स्वभाव के प्रत्याशी हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं का भी मंच से हवाला दिया। राजनाथ सिंह ने कहा राजनीति देश बचाने के लिए की जानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज 41 करोड़ लोगों का मुफ्त इलाज भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का नतीजा है। रक्षा मंत्री ने कहा है कि किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी। विपक्षी दल जिस प्रकार से लोगों को बरगला रहे हैं वह समय बताएगा। मोदी की सरकार सबका साथ और सम्मान करती है। वहीं सभी धर्म के लिए इंसाफ की बात करती है। भाजपा ने ही देश में तीन तलाक की प्रथा को समाप्त करने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा की रामराज्य आने से कोई ताकत रोक नहीं सकती है।

उन्होंने कहा कि जब जनसंघ का जमाना था तब कहा जाता था भाजपा वाले अयोध्या की तारीख नहीं बताएंगे लेकिन 22 जनवरी को रामलला का दरबार सजा तो सब हैरान रह गए। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि वह लंबे अरसे बाद गाजियाबाद आए हैं लेकिन उनका गाजियाबाद के लोगों के प्रति स्नेह और स्वभाव हमेशा की तरह पहले जैसा है। उन्होंने कहा कि जब भी दिल्ली के आवास पर कोई व्यक्ति गाजियाबाद का नाम लेकर आता था, तो सबसे पहले उससे मिलाने और मिलवाने का काम किया जाता था। उन्होंने कहा कि मेरठ और गाजियाबाद प्रदेश ही नहीं देश में भी किसी भी प्रमुख कार्य की शुरूआत यहीं से होती है। इसीलिए उन्होंने अपने चुनावी समर व भाषण के लिए गाजियाबाद को चुना है। वहीं इस दौरान उन्होंने 1857 की क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी शुरूआत भी मेरठ से ही हुई थी।

## अतुल गर्ग को विरासत में मिला है राजनीतिक गुण : राजनाथ सिंह



**करंट क्राइम :** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अतुल गर्ग की जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने कहा कि जब मैं लखनऊ गया तो गाजियाबाद में वीके सिंह को दो बार उतारा गया। यह फैसला पार्टी द्वारा लिया गया था और वीके सिंह ने बीते 10 सालों में प्रभावी ढंग से अपना काम किया है। उन्होंने कहा पार्टी प्रत्याशी को बदलती है तो आज या कल कोई दूसरा होता है। यह अवसर प्राप्त भी होना चाहिए। उन्होंने अतुल गर्ग पर लिए गए फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि वह प्रखर, आइडियल और क्षमतावान नेता हैं। लंबे समय से अतुल गर्ग की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति से रही है। उन्होंने स्वर्गीय दिनेश चंद्र गर्ग की तारीफ करते हुए कहा कि वह यहां के पूर्व मेयर भी रहे हैं। तो वहीं उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग को विरासत में राजनीतिक गुण मिले हैं।

### गाजियाबाद वालों ने ही पहली बार मुझे पहुंचा था संसद भवन : राजनाथ सिंह

**करंट क्राइम :** राजनाथ सिंह वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री हैं और वह साल 2009 में गाजियाबाद से स्थानीय सांसद रह चुके हैं। यहां के लोगों से उनका नाता किसी से छुपा नहीं है। वह जब अतुल गर्ग के लिए मंच से चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने कहा कि मुझे देश की संसद में लोकसभा चुनाव में विजई बनाकर पहली बार पहुंचाने का जो गौरवशाली काम किया था वह गाजियाबाद के लोगों के द्वारा ही किया गया था। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद के सभी पांचो विधायकों के लिए मंच से तारीफ करते हुए सभी को ऊर्जा प्रदान की।




### पुलिस के किस अफसर को विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भरे मंच से बता दिया तानाशाह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी चिरपरिचित शैली और आक्रामक तेवरों के लिए जाने जाते हैं। बुधवार को अतुल गर्ग के नामांकन से पूर्व जनसभा में भी उनका यह अंदाज मंच पर दिखाई दिया। सबसे पहले मंच पर उनका ही नाम लिया गया लेकिन उन्होंने अपना कम पांचवा रखा और कार्यक्रम स्थल पर जब राजनाथ सिंह पहुंचे तो नंदकिशोर गुर्जर माइक संभाले हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के सांसद के वक्त उन्होंने एक फूड इंस्पेक्टर के प्रकरण में उसको निलंबित करवाया था। तो वहीं जिस प्रकार से इस बार चुनाव में लोगों को बेवजह मुचलके में पाबंद किया जा रहा है, वह ठीक नहीं है। एक दो अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रमुख नेताओं और माननीयों के गनर हटाए जाने के मामले को लेकर भी मंच से पुलिस के अधिकारी को खुली चेतावनी दी है और कहा है कि एक अधिकारी कितना भी तानाशाह क्यों ना हो जाए उसे सबक सिखाया जाएगा। नंदकिशोर गुर्जर ने पहले भी खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी के गनर हटाए जाने के मामले को लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से नाराजगी और शिकायत की थी।



**कार्यकर्ताओं पर मुचलके लगने से दिखे बहुत ज्यादा नाराज**

### भारत माता की जय के साथ शुरू किया राजनाथ सिंह ने भाषण

**करंट क्राइम :** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जब मंच पर आए तो उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय के नारे के साथ शुरू की। इसके बाद उन्होंने मंच पर बैठे महंत नारायण गिरी और आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा के सम्मान में सबसे पहले दो शब्द कहे। इसके बाद गाजियाबाद के पांचो विधायकों और मंचासीन प्रमुख अतिथियों का नाम



लिया। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि वह लंबे समय बाद गाजियाबाद आए हैं लेकिन स्वागत और अभिनंदन दोनों तरफ से होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने मंच से कहा कि मैं सिर झुका कर सभी का अभिनंदन भी करता हूं।

### राजनाथ सिंह ने मंच से अतुल गर्ग को रिकॉर्ड मतों से जिताने की जनता से की अपील

**करंट क्राइम :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामांकन से पूर्व जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तो उन्होंने कहा कि गाजियाबाद वालों से उन्होंने जब अपने लिए वोट मांगे थे, तो लोगों ने वोट देने के लिए झोली भर दी थी। वह यहां से जीते और संसद भवन में इसके बाद जब वह लखनऊ चले गए तो भी गाजियाबाद वालों का उनके प्रति सम्मान और स्नेह कम नहीं हुआ। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने के लिए अपील की और कहा जीतने के बाद भी मेरे को गाजियाबाद बुला लेना और जितनी बड़ी फूल माला से आज स्वागत किया गया है, दोबारा इसी तरीके से स्वागत किया जाना चाहिए।

**जीतने के बाद भी मेरे को गाजियाबाद बुला लेना**

### अतुल गर्ग ने मंच पर नीचे गिरा भाजपा का पटका उठाया

**करंट क्राइम :** अतुल गर्ग का रामलीला मैदान घंटाघर में नामांकन से पूर्व चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाला कार्यक्रम था। मंच पर राजनाथ सिंह भी मौजूद थे, इस दौरान अतुल गर्ग की नजर मंच पर भारतीय जनता पार्टी के गिरे एक पटके पर पड़ी, वह तुरंत सहजता से कुर्सी से उठे उसको उठाया, अपने माथे पर लगाया और अपने आगे राखी टेबल पर उसे ससम्मान रख दिया। देखने में यह एक साधारण सी बात हो लेकिन पार्टी के झंडे के प्रति उनका सम्मान, समर्पण और सम्मान वाला भाव दर्शा रहा था कि उनका टिकट ऐसे ही नहीं किया गया है।

### भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

**करंट क्राइम :** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत ने कभी किसी देश और किसी की जमीन पर ना कभी कब्जा किया है ना आक्रमण किया है लेकिन भारत की तरफ जो भी आंख उठा कर देखेगा उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। अब हथियारों के लिए भारत को दूसरों का मुंह नहीं देखना पड़ता। भारत आज तो हथगोले, मिसाइल और विमान भी बना रहा है। इसी के साथ 21000 करोड़ का निर्यात भी सरकार ने वित्तीय वर्ष में किया है।

### कांग्रेस सरकारों में जमकर हुआ भ्रष्टाचार

**करंट क्राइम :** राजनाथ सिंह ने कांग्रेस की सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस के मंत्रियों को जेल की हवा भी खानी पड़ी है। इस दौरान उन्होंने राजीव गांधी की मजबूरी की चर्चा करते हुए कहा कि जब वह 100 भेजते थे, तो 14- 15 पैसे पहुंचाने थे लेकिन आज मोदी की सरकार में कोई किसी गरीब और मां-बेटी का हक नहीं मार सकता है। उन्होंने कहा कि वह कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करते हैं लेकिन राजीव गांधी ने यह पश्न खुद कई बार कहा है इसीलिए उन्होंने उनका नाम लिया है।

### अनिल अग्रवाल बोले - दिल्ली तक पहुंचाई आवाज, तभी मिला स्थानीय को टिकट

**करंट क्राइम :** राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए मंच से कहा कि हमारी अपील और आवाज दिल्ली तक पहुंची। हमारा लोकल प्रत्याशी दिल्ली पहुंचे, अतुल गर्ग अपने परिवार और मित्र जैसे हैं। इस दौरान उन्होंने राजनाथ सिंह का शुक्रिया किया कि गाजियाबाद के लिए जिस प्रकार से देश के रक्षा मंत्री सदैव हित की बात सोचते हैं, यह उनके अपनेपन और बड़े दिल का परिचय है।



**हमारी अपील और आवाज दिल्ली तक पहुंची। हमारा लोकल प्रत्याशी दिल्ली पहुंचे : अनिल अग्रवाल**

### महंत नारायण गिरी के पैर छूकर राजनाथ सिंह ने करवाया संस्कारों का एहसास

**करंट क्राइम :** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे ही गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे तो उन्होंने नेताओं से मिलने के साथ ही जैसे ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी को देखा तो झुक कर उनके पैर छुए और आशीर्वाद लिया। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जिसने भी यह है अंदाज देखा वह कह रहा था कि संस्कारों का एहसास पद और कद से नहीं सेवा, निष्ठा और समर्पण से होता है।



### राजनाथ जी का आशीर्वाद असर दिखाएगा : सुनील शर्मा



**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि राजनाथ जी हमारे अभिभावक हैं, उनका आशीर्वाद लगभग 15 सालों बाद इस प्रकार से मिला है। वह सभी को नाम से बुलाते हैं, उनका आशीर्वाद मिला है, तो 12 लाख वोट का जादुई आंकड़ा अतुल गर्ग को मिलना तय है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से राजनाथ सिंह सभी को अपना आशीर्वाद देते हैं, उसे यह जीत और बड़ी हो जाएगी।

### रक्षा मंत्री ने कहा, मेयर सुनीता दयाल से कोई टकरा नहीं सकता



**करंट क्राइम :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंच से स्थानीय नेताओं का परिचय और उनके बारे में कुछ कह रहे थे। तो इसी दौरान उन्होंने महापौर सुनीता दयाल का नाम लिया और कहा कि सुनीता दयाल से कोई टकराकर देखे। इसके बाद में कुछ देर मुस्कुराए और फिर उन्होंने कहा आगे की बात में नहीं कहूंगा लेकिन उनसे कोई टकरा कर देखें तो खुद-ब-खुद पता चल जाएगा। ऐसा सुनकर वहां मौजूद भीड़ ने जमकर ताली बजाई और मंचासीन नेता भी खिलखिला कर हंस पड़े। राजनाथ सिंह के शब्दों ने सुनीता दयाल के राजनीतिक वजन को काफी बढ़ा दिया।

### अब भारत ताकतवर देश बन चुका है : राजनाथ

**करंट क्राइम :** मंच पर बोलते हुए राजनाथ सिंह का अंदाज वही पुराना था। उन्होंने कहा कि अब भारत ताकतवर देश बन चुका है। मोदी ने करिश्मा किया है, भारत में कोरोना काल के दौरान दुनियाभर ने भारत की बनी वैक्सीन का इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री मोदी की ओर आज पूरे विश्व की नजर रहती है। जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हुआ, तो भारत के 25000 छात्र यूक्रेन में फंसे हुए थे। मोदी जी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ब्राइडेन से बातचीत की ओर कई घंटे के लिए युद्ध रुका और विद्यार्थी बाहर लौटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पूरा विश्व को टीका मुहैया कराने के लिए भी प्रधानमंत्री भी बैंगलुरु के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया। यही कारण था कि भारत के प्रत्येक नागरिकों के तीन डोज लग सकी है और भारत ने 100 से अधिक देशों को कोरोना की दवाई भी मुहैया कराई।

### इनकी रही मंच पर मौजदूगी

**करंट क्राइम :** लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने जनता को विश्वास दिलाया कि वे उनके भरोसे पर खरे उतरेंगे और जनता के बीच में रहकर क्षेत्र का विकास करायेंगे। सभा को उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक नन्दकिशोर गुर्जर, अजीत पाल त्यागी, धर्मेश तोमर, राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, आरएलडी के ज़िलाध्यक्ष अनिल त्यागी व महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, दूधेश्वर नाथ मन्दिर के महन्त नारायण गिरि, पवन सिन्हा व प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा ने भी संबोधित किया। महापौर सुनीता दयाल, प्रभारी विजय शुक्ला, संयोजक अजय शर्मा, ममता त्यागी, सत्यपाल प्रधान, नरेश तोमर, रमेश चंद्र तोमर, बालेश्वर त्यागी, कृष्णवीर सिरोही, प्रशान्त चौधरी, सुभाष भाटी, ठाकुर हरीश सिंह, मयंक गोयल, आशीष वत्स, अशोक मोंगा, सरदार एस पी सिंह, विजय मोहन, बलदेव राज शर्मा, अमरदत्त शर्मा, डी डी त्यागी, महेश अग्रवाल, लज्जा रानी गर्ग, विभु बंसल, प्रमेन्द्र जांगड़ा, सतवीर राघव, अरविन्द भारतीय, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन संयोजक अजय शर्मा ने किया व जनता का आभार महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया।



# कांग्रेस का चेहरा भले बने उज्ज्वल, इलाहाबाद सीट पर लड़ेगी सपा ही

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार की हफ्तों चली तलाश आखिरकार उज्ज्वल रमण सिंह के रूप में बुधवार को पूरी हो गई। संगमनगरी की सियासी नब्ज जानने वालों के मुताबिक उज्ज्वल कांग्रेस का बस चेहरा ही होंगे, असल में लोकसभा चुनाव तो गठबंधन की सहयोगी सपा ही लड़ेगी। कारण दो हैं। पहला यह कि कांग्रेस के पास यहां न कोई मजबूत जनाधार है और न ही चुस्त-दुरुस्त संगठन। बीते चुनावों के आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि कांग्रेस की यहां कोई जमीन नहीं बची। कांग्रेस नेताओं को भी इसका आभास है कि गठबंधन में यह सीट उनके खाते में बेशक है, लेकिन चुनावी नैया पार लगाने के लिए सपा को ही खेवैया बनाना पड़ेगा।



कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार यहां मजबूत प्रत्याशी की तलाश की। कुछ स्थानीय नेताओं को राजी करने का प्रयास किया, लेकिन उनके इन्कार के बाद दूसरा कोई चारा नहीं बचा। यह सबको मालूम ही है कि कांग्रेस का न तो यहां मजबूत संगठन खड़ा हो सका है और न ही इतना जनाधार है कि पार्टी अपने बलबूते भाजपा जैसी मजबूत संगठन वाली पार्टी को टक्कर दे सके। स्थानीय नेताओं की न के बाद पार्टी ने फिल्मी चेहरों को भी टटोला, जो अपने बूते भीड़ और समर्थक जुटाकर चुनाव को लड़ाई लायक बना सकें। हालांकि, इसमें भी कांग्रेस को सफलता नहीं मिली। आखिरकार कांग्रेस को सपा के पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण सिंह को पार्टी में लाना पड़ा। उज्ज्वल करछना सीट से विधायक रह चुके हैं। क्षेत्रीय स्तर पर उनका और पिता रेवती रमण सिंह का भी कुछ प्रभाव है। बावजूद इसके, उज्ज्वल की लोकसभा पहुंचने की राह आसान कतई नहीं है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को मिली है इलाहाबाद सीट सपा ने गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस के लिए इलाहाबाद सीट छोड़ी है, जबकि फूलपुर से वह खुद अपना प्रत्याशी उतारेगी। वैसे, पिछले चुनावों का हाल देखें तो सपा प्रत्याशी कांग्रेस से काफी आगे रहे हैं। 1991 से 2019 के बीच हुए आठ लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ एक बार अपनी जमानत जब्त होने से बचा पाए। यह जमानत भी 1999 के चुनाव में बचाई प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने। फिलहाल तो वह भाजपा की इलाहाबाद सीट से ही सांसद हैं। इनके अलावा 1991 में कांग्रेस उम्मीदवार अनिल शास्त्री को 15.91 और 2014 में नंद गोपाल गुप्ता नंदी (अब भाजपा नेता) को 11.49 प्रतिशत वोट ही हासिल हो सके थे। बाकी उम्मीदवारों को सात फीसदी से भी कम वोट नसीब हुए। वहीं, सपा ने 1998 के चुनाव में इलाहाबाद सीट पर पहली बार सीधे अपना प्रत्याशी उतारा। फिर, छह बार के आम चुनावों में दो बार रेवती रमण सिंह सांसद चुने गए। चार दफा सपा उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे। अब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उज्ज्वल भले ही पंजे के निशान पर चुनाव लड़ें, बगैर साइकिल की सवारी के उनका कोई भला नहीं होने वाला। विधानसभा चुनाव में दो फीसदी भी मत नहीं 2022 के विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि इलाहाबाद संसदीय सीट की पांचों विधानसभा सीटों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। सिर्फ कोरांव में पार्टी उम्मीदवार को 10 फीसदी से अधिक वोट मिले। बाकी तीन विधानसभा सीटों में उम्मीदवारों को दो फीसदी भी मत हासिल न हो सके। मेजा में तो एक फीसदी भी मत नहीं मिले। सपा का प्रदर्शन देखें तो मेजा से संदीप पटेल ने जीत हासिल की। बाकी चार सीटों पर भी सपा प्रत्याशी मुख्य मुकाबले में रहे।

# सोशल इंजीनियरिंग के सहारे जातीय समीकरण साध रहे राजनीतिक दल

**बरेली।** बरेली, आंवला, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और धौरहरा सीट पर समीकरण के आधार पर निर्णायक भूमिका वाली सभी जातियों के चेहरों को मौका दिया जा चुका है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इन सीटों के लिए भाजपा ने दो कुर्मी, एक कश्यप, दो ब्राह्मण, एक दलित और एक शाक्य बिरादरी के चेहरे पर दांव लगाया है। सपा ने एक वैश्य, एक यादव, एक मौर्य, एक कुर्मी, एक कश्यप, एक राजपूत को उतारा है। उधर, बसपा ने तीन मुस्लिम चेहरों के साथ एक ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव लगाया है। इन सात लोकसभा सीटों के इतिहास भी जातीय समीकरणों को समेटे हैं। एक नजर में सीटों के समीकरण बरेलीः चार दशक से कायम हैं गंगवार आठ बार सांसद संतोष गंगवार की जगह इस बार भाजपा ने छत्रपाल गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने वर्ष 2009 में भाजपा के



गढ़ में सेंध लगा चुके प्रवीण सिंह ऐरन पर भरोसा जताया है। इस सीट पर पिछले नौ चुनाव में आठ बार कुर्मी बिरादरी के संतोष गंगवार ही चुनाव जीते हैं। एक बार प्रवीण सिंह ऐरन ने विजय अपने नाम की थी। इससे पहले इस सीट पर मुस्लिम सहित अन्य बिरादरी के नेता संसद पहुंच चुके हैं। क्षत्रिय-कश्यप के नाम रही आंवला आंवला सीट पर आजादी के बाद से क्षत्रिय बिरादरी के सांसद ने लंबे समय तक प्रतिनिधित्व किया। पूर्व सांसद बृजराज सिंह, सर्वराज सिंह, राजवीर सिंह यहां से सांसद बने। पहली बार 1980 में जयपाल सिंह कश्यप ने यहां से प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2009 में मेनका गांधी की जीत के बाद भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने यहां से जीत दर्ज की। इस सीट पर भाजपा ने तीसरी बार कश्यप चेहरे पर ही दांव लगाया है। सपा ने नीरज मौर्य को यहां से उतारकर पिछड़ी जाति के मतों में बंटवारे की रणनीति अपनाई है। पहली बार टेनी बने ब्राह्मण सांसद लखीमपुर खीरी लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने पहली बार सवर्ण जाति के प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। वर्ष 2009 में यहां से जफर अली नकवी सांसद थे। आजादी के बाद कुशवक्त राय, बाल गोविंद वर्मा, ऊषा वर्मा, गेंदन लाल कनौजिया, रवि प्रकाश वर्मा के रूप में पिछड़ा और अनुसूचित जाति के चेहरे ही संसद पहुंचे थे। यहां से सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। फिलहाल, बसपा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं।

## न्यूज डायरी

### भाजपा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कांग्रेस को डर

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डर है। खुद कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर आगाह किया है। आरोप लगाया, भाजपा सरकारें झूठ के गर्भ से पैदा हुई हैं। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने झूठ को प्रचारित कर जीत हासिल की है। हरीश को आशंका है कि चुनाव के समय भाजपा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडिटिंग के माध्यम से कांग्रेस नेता या कार्यकर्ता को ऐसा बोलता हुआ दिखाए, जिससे मतदाता फिर से भ्रमित हो जाए। इसके लिए कार्यकताओं को सावधान रहना होगा। कांग्रेस को शिकस्त देने का प्रयास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग कर भाजपा फिर से कांग्रेस को शिकस्त देने का प्रयास कर सकती है। कहा, भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक व तीरथ सिंह रावत का एक लंबा राजनीतिक जीवन रहा है। कई पदों पर उन्हें सुशोभित किया। इनमें शारीरिक क्षमता और बौद्धिक ऊर्जा दोनों बरकरार हैं, लेकिन इसके बावजूद भाजपा ने हरिद्वार व पौड़ी से उम्मीदवार नहीं बनाया। जबकि, वे चुनाव लड़ना चाहते थे और सिटिंग सांसद थे, लेकिन दोनों नेताओं को भाजपा ने उम्मीदवार न बनाकर हरिद्वार व पौड़ी की जनता को नैसर्गिक और प्राकृतिक अधिकार से वंचित किया। चुनाव में जनता इन सांसदों से पूछती कि पांच साल के कार्यकाल में क्या विकास किया है।



### अपने संसदीय क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं पूर्वांचल के ये सात सांसद

**वाराणसी।** पूर्वांचल की सियासत कई मायने में दूसरे क्षेत्रों से जुदा है। बात अगर लोकसभा चुनाव की करें तो हाल के वर्षों में मतदाताओं का नजरिया बदला है। स्थानीय से कहीं ज्याव भरोसा उन्होंने बाहरी प्रत्याशियों पर जताया है। मौजूदा लोकसभा की तस्वीर पर गौर करें तो वाराणसी के साथ ही चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, आजमगढ़ और घोसी के सांसद अपने क्षेत्र के वोटर नहीं हैं। पूर्वांचल की सियासत कई मायने में दूसरे क्षेत्रों से जुदा है। बात अगर लोकसभा चुनाव की करें तो हाल के वर्षों में मतदाताओं का नजरिया बदला है। स्थानीय से कहीं ज्याव भरोसा उन्होंने बाहरी प्रत्याशियों पर जताया है। मौजूदा लोकसभा की तस्वीर पर गौर करें तो वाराणसी के साथ ही चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, आजमगढ़ और घोसी के सांसद अपने क्षेत्र के वोटर नहीं हैं। बात वाराणसी संसदीय क्षेत्र की करें तो यहां वर्ष 2004 से बाहर से आए प्रत्याशी ही सांसद चुने जा रहे हैं। 2004 के कांग्रेस सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का जन्म स्थान देवरिया जिला है। 2009 के भाजपा सांसद डॉ. मुरली मनोहर जोशी का जन्म स्थान दिल्ली है। 2014 से अब तक भाजपा के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म स्थान गुजरात का वडनगर ग्राम है। वाराणसी से सटे चंदौली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2014 से डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय भाजपा के सांसद हैं। डॉ. पांडेय मूल रूप से गाजीपुर जिले के निवासी हैं और उनका आवास वाराणसी में है। वहीं मिजार्पुर में वर्ष 2009 से बाहर से आए प्रत्याशी ही लोकसभा चुनाव जीत कर संसद पहुंचे हैं। 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर सांसद चुने गए बालकुमार पटेल का जन्म स्थान चित्रकूट जिला है। वहीं 2014 और 2019 में अपना दल-एस के टिकट पर जीत दर्ज करने वाली केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मूल रूप से कानपुर की रहने वाली हैं। सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भी वर्ष 2009 से बाहर से आए नेता ही सांसद चुने जा रहे हैं। मिजार्पुर के मूल निवासी पकौड़ी लाल कोल रॉबर्ट्सगंज लोकसभा से वर्ष 2009 में सपा और 2019 में अपना दल एस से सांसद चुने गए। वर्ष 2014 में चंदौली जिले के मूल निवासी छोटेलाल खरवार भाजपा से सांसद चुने गए थे। 2009 में अस्तित्व में आए भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 2019 में मिजार्पुर के मूल निवासी रमेश चंद बिंद भाजपा के सांसद चुने गए। आजमगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2014 से बाहर से आए प्रत्याशी ही सांसद चुने जा रहे हैं। वर्ष 2014 में सैफई के मूल निवासी तत्कालीन सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव और 2019 में उनके पुत्र अखिलेश यादव सांसद चुने गए थे। 2022 में हुए उपचुनाव में गाजीपुर जिले के मूल निवासी दिनेश लाल यादव आजमगढ़ से भाजपा के सांसद चुने गए। मऊ जिले के घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भी वर्ष 2009 से बाहर से आए नेता ही सांसद चुने जा रहे हैं। 2009 में आजमगढ़ जिले के मूल निवासी दारा सिंह चौहान बीएसपी से चुनाव जीते। 2014 में बलिया जिले के मूल निवासी हरिनारायण राजभर भाजपा से चुनाव जीते। 2019 में गाजीपुर जिले के मूल निवासी अतुल राय घोसी लोकसभा से बसपा से सांसद चुने गए। पूर्वांचल की सियासत पर बारीकी से नजर रखने वालों का कहना है कि यहां के मतदाना प्रत्याशी का जन्म और निवास स्यान नहीं देखते हैं। वह सिर्फ यह देखते हैं कि प्रत्याशी कितना दमखम वाला है और उनकी आवाज को कितने सशक्त तरीके से संसद में रख सकता है।



### हिमाचल में प्रत्याशियों का इंतजार पर मैदान में अब कांग्रेस भी तैयार

**धर्मशाला।** प्रत्याशी चयन और प्रचार के मोर्चे पर पीछे चल रही कांग्रेस चुनावी परिदृश्य में देर से ही सही लेकिन अब सक्रिय दिखने लगी है। पार्टी के बड़े नेता सक्रिय होने लगे हैं। कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और ऊना में पार्टी संगठन की हलचल तेज होने लगी है जिससे आने वाले दिनों में सियासी गर्माहट बढ़ेगी। इंतजार, लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा का है। भाजपा मार्च में ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा के साथ प्रचार का आगाज भी कर चुकी है। दूसरी ओर कांग्रेस में असमंजस है। चुनाव को लेकर सीधा प्रभावी संदेश पार्टी की ओर से कार्यकताओं तक नहीं जा पा रहा है। इन्हीं हालात को समझते हुए अब कांग्रेस हाईकमान पूरी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हाईकमान ने हिमाचल कांग्रेस के बड़े नेताओं को जिम्मेदारियों में बांधकर सक्रिय कर दिया है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के साथ ही हाईकमान का फोकस पार्टी नेताओं और संगठन को भी सक्रिय करने पर है। इसका असर चुनावी मैदान में कांग्रेस की सक्रियता के तौर दिखने भी लगा है।

# इन सीटों पर बसपा के सामने 'अपने' ये प्रत्याशी रह चुके हाथी के साथी

**मुरादाबाद।** मंडल में बसपा को अपने पुराने साथियों से ही चुनौतियां मिल रही हैं। यहां मुरादाबाद लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी हो या संभल में भाजपा उम्मीदवार या फिर अमरोहा में कांग्रेस के टिकट पर ताल ठोक रहे दानिश अली। सभी उम्मीदवार हाथी के साथी रह चुके हैं। अब पाला बदल कर चुनाव मैदान में उतरे हैं। मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर बसपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा कब्जा करना चाहती हैं। सभी पार्टियों के प्रत्याशी अपने अपने दावे ठोक रहे हैं। इन सभी सीटों पर बसपा का मुकाबला अपने ही पुराने साथियों से है। सपा ने मुरादाबाद लोकसभा सीट से रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा के समय बसपा में थीं। और उन्होंने बसपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। इसके अलावा अमरोहा में सपा कांग्रेस गठबंधन



प्रत्याशी दानिश अली 2019 लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंचे थे। इनके अलावा रामपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। घन श्याम लोधी भी बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जबकि संभल में भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी भी बसपा में लंबे समय तक रहे हैं। नगीना सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. ओम कुमार भी हाथी की सवारी कर चुके हैं। परिणाम क्या रहेंगे ये तो आने वाला वक्त बताएगा और वोटरों का रुख तय करेगा। फिल हाल चर्चा इस बात की है कि बसपा इन चुनौतियों से पार पाएगी या फिर पुराने साथी बसपा को मात देकर सफल पाएंगे। दो बार बसपा में रह चुके हैं घनश्याम लोधी रामपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने घन श्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले वह सपा, भाजपा और बसपा में भी रह चुके हैं। भाजपा छोड़कर 1999 बसपा में शामिल हो गए थे। 1999 में बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में उन्हें जीत नहीं मिली थी। घनश्याम सिंह लोधी 2004 में हुए एमएलसी चुनाव के दौरान कल्याण सिंह की राष्ट्रीय क्रांति पार्टी और मुलायम सिंह यादव की सपा के गठबंधन के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत प्राप्त की थी। 2007 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनी थी। तब घनश्याम सिंह लोधी बसपा में शामिल हो गए थे। 2009 में एमएलसी रहते हुए बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में भी उन्हें सफलता नहीं मिल पाई थी। तब सपा प्रत्याशी और अभिनेत्री जयाप्रदा ने जीत हासिल की थी। चुनाव में मिली हार के बाद 2011 में घनश्याम एक बार फिर सपा में शामिल हो गए थे। 2022 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लोधी ने सपा छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली। लोकसभा के उपचुनाव में टिकट मिला तो उन्होंने जीत दर्ज की। अब फिर से भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली 2019 में बसपा के टिकट पर जीते थे चुनाव सपा से गठबंधन में कांग्रेस को अमरोहा लोकसभा सीट मिली है। कांग्रेस ने यहां से सांसद दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली लोकसभा 2019 में अमरोहा से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का मुरादाबाद दौरा, पश्चिम यूपी की 13 सीटों की करेंगे समीक्षा

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे। वे संगठन के पदाधिकारियों को जीत का मंत्र सिखाएंगे। प्रत्याशियों और पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रामपुर रोड स्थित क्लार्क इन में बुधवार की दोपहर ढाई बजे बैठक शुरू करेंगे। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। होटल में 250 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। कोर कमेटी में पूर्व सांसद, विधायक, एमएलसी, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ लोग बुलाए गए हैं। भाजपा पश्चिम यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने बैठक की तैयारी पूरी कर ली है। बैठक को लेकर पार्टी कोर कमेटी के सदस्यों



ने काफी तैयारियां की हैं। पहला सवाल यह रहेगा कि अभी तक पार्टी के पदाधिकारियों ने कितनी तैयारियां की है, कितनी बाकी है। समीक्षा के बाद अमित शाह पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देंगे। पार्टी के पदाधिकारी केंद्रीय गृह मंत्री से सवाल पूछने के साथ अपनी राय भी देंगे। 2019 के चुनाव में भाजपा मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटें हार गई थी। सहारनपुर मंडल में भी अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। ऐसे में केंद्रीय मंत्री की यह बैठक अहम मानी जा रही है।

# महबूबा बोलीं- कश्मीर में तीनों सीटों पर लड़ेंगे चुनाव, क्या घाटी में बिखरा इंडिया गठबंधन



● महबूबा ने कहा कि उनकी पार्टी कश्मीर की तीनों सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी

**श्रीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जम्मू कश्मीर के सियासत में हर रोज नई लहरें उठ रही हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी कश्मीर की तीनों सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इसके लिए मंथन चल रहा है। एक से दो दिन में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। जम्मू संभाग की दो सीटों को लेकर महबूबा ने कहा कि इस पर उन्होंने कुछ नहीं सोचा है। पीडीपी प्रमुख ने यह भी कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा। ऐसे में अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने के लिए वे मजबूर हैं।

### नेकां-पीडीपी में नहीं दिख रहा तालमेल

ऐसे में दोनों पार्टियों की जनता के बीच आ रही अलग-अलग बयानबाजी से साफ पता चल रहा है कि अंदर खाते में सब ठीक नहीं है। कश्मीर घाटी में इंडिया गठबंधन अभी भी परिपक्व नहीं हो पाया है। उसमें दरारें साफ दिख रही हैं, जो समय रहते नहीं भरी गई, तो घाटी में गठबंधन बिखर भी सकता है। हालांकि, पीडीपी और नेकां अलग-अलग मंचों से यह कह चुके हैं कि वे इंडिया गठबंधन के साथ हैं और गठबंधन मजबूत है।
दरअसल, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस देश स्तर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं और प्रदेश स्तर पर पीएजीडी में साथ हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पहले ही एलान कर चुकी है कि जम्मू कश्मीर की पांच सीटों में से तीन पर उम्मीदवार उतारेगी, जो कश्मीर घाटी में आती हैं। इनमें अनंतनाग-राजोरी, श्रीनगर, बारामुला सीट शामिल है। नेकां ने जम्मू संभाग की दो लोकसभा सीटों को कांग्रेस को समर्थन दिया है। कांग्रेस ने जम्मू में रमण भल्ला और उधमपुर में चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। मंगलवार को फारूक अब्दुल्ला रमण भल्ला के नामांकन के दौरान जम्मू पहुंचे थे। सोमवार को उमर अब्दुल्ला ने अनंतनाग-राजोरी सीट से अपने पहले उम्मीदवार मियां अल्ताफ के नाम की घोषणा कर दी है।

### उमर और फारूक बोले- इंडिया गठबंधन एकजुट

उधर, उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को यह जानकारी दी है कि स्वस्थ्य के चलते इस बार फारूक अब्दुल्ला चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे पहले मंगलवार को उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पीडीपी अपना कोई प्रत्याशी लोकसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतारेगी। जम्मू में फारूक अब्दुल्ला ने भी इस बात पर जोर दिया कि इंडिया गठबंधन एकजुट है और उनके बीच कोई मतभेद नहीं है।

### नेकां के तीनों सीटों पर लड़ने पर पीडीपी का क्या है रुख

पीडीपी का कहना है कि नेकां ने सीट बंटवारे के लिए उनसे चर्चा नहीं की गई। पार्टी के एक नेता ने कहा कि महबूबा मुफ्ती से चर्चा की गई होती, तो वे इन सीटों को छोड़ सकती थीं। उधर, महबूबा मुफ्ती ने खुद भी कह चुकी हैं कि वह अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर लोकसभा चुनाव पर रणनीति को फाइनल करेंगीं। लिहाजा, बुधवार को उन्होंने साफ कर दिया है कि कश्मीर की तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारने के लिए मंथन चल रहा है और नामों की घोषणा एक से दो दिन में की जाएगी।

# लालू के गृह जिले में राजद को नहीं मिला प्रत्याशी, प्रतिष्ठा वाली गोपालगंज सीट पर चर्चा में कई नाम

**गोपालगंज।** बिहार की गोपालगंज सीट पर लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दल जदयू ने अपने प्रत्याशी के नाम का एलान कर दिया है। लेकिन राष्ट्रीय जनता दल को गोपालगंज में किसी उम्मीदवार पर भरोसा नहीं हो पा रहा। इंडिया गठबंधन की ओर से गोपालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट राजद के खाते में है। राजद की ओर से अब तक उम्मीदवार के नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है।

जदयू की तरफ से पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह वर्तमान सांसद डाक्टर आलोक कुमार सुमन की घोषणा दस दिन पूर्व की हो चुकी है। राजद के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी गोपालगंज सीट दरअसल, गोपालगंज राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का गृह जिला है। ऐसे में यहां पार्टी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। पार्टी वैसे उम्मीदवार की तलाश कर रही है जो हर हाल में सीट पर अपनी



जीत दर्ज कर सके, क्योंकि 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद राजद या उसके सहयोगी यहां से चुनाव जीतने में असफल रहे हैं। अंतिम बार यहां से 2004 में राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी के भाई अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव ने राजद से चुनाव जीता था। उसके बाद से लगातार तीन चुनावों में एनडीए गठबंधन ने जीत दर्ज की थी। राजद में आधा दर्जन नामों पर चल रही चर्चा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक, गोपालगंज सुरक्षित सीट से सारण जिले के गड़खा के विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम, पूर्व में लोकसभा के प्रत्याशी रहे सुरेंद्र राम महान, शहर के प्रमुख सर्जन डॉ. सुनील रंजन, डॉक्टर के मंजू, कुचायकोट के प्रमोद राम जैसे छह नामों पर आलाकमान के स्तर पर मंथन चल रहा है।

आलाकमान किसके नाम पर मुहर लगाता है, यह अभी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन अधिक चर्चा में पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम की चर्चा ज्यादा है। पटना में कैंप कर रहे सभी संभावित उम्मीदवार राजद के सभी संभावित उम्मीदवार होली के पहले से ही पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं को लेकर पटना में कैंप कर रहे हैं। कई राजनीतिक पंडित टिकट की जुगाड़ में पटना में जुटे हैं। पार्टी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। राजद का मुकाबला अब जदयू से सीधे होना तय माना जा रहा है। इस बार चुनाव में कांटे की टक्कर होने की पूरी संभावना है। पूर्व में राजद से दो उम्मीदवार हो चुके हैं विजयी गोपालगंज सीट परिसिमन के बाद 2009 में आरक्षित हुई।

जब आरक्षित नहीं थी तो 1996 में लाल बाबू प्रसाद यादव और 2004 में अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव राष्ट्रीय जनता दल से चुनाव जीत कर लोकसभा में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उसके बाद हुए तीन चुनावों में राजद या सहयोगी दल के पक्ष में जनादेश नहीं आया। इस चुनाव में राजद हर हाल में जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में जुटी है। इस मामले में राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह और प्रधान महासचिव इम्तियाज अली भुट्टो अभी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। देखते हैं कब तक राजद प्रत्याशी का नाम सामने आता है।

# अखिलेश के करीबी सपा नेता पर आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के सपा कार्यालय में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भाजपा सांसद सुब्रत पाठक पर की गई टिप्पणी का संज्ञान लेकर अखिलेश यादव के करीबी सपा नेता पर आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज हुई है। वीडियो सर्विलांस टीम ने इस मामले में सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।




सहायक निर्वाचन अधिकारी व सदर एसडीएम अविनाश गौतम ने बताया कि मंगलवार को सपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण का वीडियो सामने आया है। इसमें सपा नेता मनोज दीक्षित की ओर से सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। यह टिप्पणी आचार संहिता के दायरे का उल्लंघन है। इसी आधार पर सर्विलांस टीम ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। असीम अरुण ने भी की शिकायत, अखिलेश की भूमिका पर भी सवाल

सर्विलांस टीम की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद सदर विधायक और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने भी सदर कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने भी सपा नेता मनोज दीक्षित के बयान का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

बयान की आलोचना भी नहीं की

तहरीर में कहा है कि सांसद को धमकी देने के साथ ही एक जाति के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा कि इसमें अखिलेश यादव की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। बयान के समय वो मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान इस बयान की आलोचना भी नहीं की।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 04 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड-शो में दिखेगा कई राज्यों की संस्कृति का जलवा

**एक किलोमीटर के रोड-शो में रहेंगे मौजूद एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ता**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अप्रैल को गाजियाबाद आ रहे हैं। प्रधानमंत्री का रोड शो होना है और ये पहली बार होगा जब गाजियाबाद में नदिया के इस पार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम होगा। अबसे पहले नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम हिंडन पार में हुए हैं। एयरपोर्ट के उद्घाटन से लेकर रेपिड रेल के उद्घाटन तक प्रधानमंत्री की लोकेशन हिंडन पार यानी साहिबाबाद में ही रही है। अब ये पहला मौका है जब प्रधानमंत्री नदिया के इस पार यानी गाजियाबाद में रोड शो करेंगे। अतुल गर्ग शहर विधायक हैं और लोकसभा उम्मीदवार हैं। प्रधानमंत्री का उनके समर्थन में रोड शो भी उनकी विधानसभा में हो रहा है। 6 अप्रैल को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कालकागढ़ी चौक से अपना रोड शो शुरू करेंगे तो यहां उनके रोड शो में कई राज्यों की संस्कृति देखने को मिलेगी। कालकागढ़ी चौक से चौधरी मोड तक एक किलोमीटर के रोड शो के दौरान एक लाख से अधिक भाजपा कार्यकर्ता और जनता के लोग मौजूद रहेंगे। यहां पर केरल, उड़ीसा, बंगाल की संस्कृति दिखाई देगी। इन राज्यों के रहने वाले लोगों का समूह बनाया गया है जो अपनी पारम्परिक वेशभूषा में रोड शो वाले पथ पर रहेंगे। इसके अलावा व्यापार मंडल के व्यापारी भी मौजूद रहेंगे। लगभग 200 व्यापार मंडल प्रतिभाग करेंगे और प्रत्येक व्यापार मंडल से 300 व्यापारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बूथ और मंडल के कार्यकर्ता भी रहेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी भी इस रोड शो में रहेंगे। इसके अलावा सैंकड़ो दिव्यांग भी रहेंगे। इसके अलावा ब्रह्मकुमारी बहने भी रोड शो में मौजूद रहेंगी।

### कालकागढ़ी चौक पर ही बनेगा मंच और यहां हो सकता है सम्बोधन

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को सफल बनाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट हो चुकी है। महानगर की टीम ने कमान संभाल ली है और सबसे बड़ी बात ये है कि यहां सफल आयोजन संगठन की जिम्मेदारी है और सुरक्षित रोड शो पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है। बुधवार को क्षेत्रीय महामंत्री हरीश कुमार ने भी रोड शो तैयारियों को लेकर बैठक की। प्रधानमंत्री जिस रथ पर सवार होकर रोड शो करेंगे वह रथ बुधवार की शाम को कालकागढ़ी चौक पर आ गया। इसका ट्रायल रन लिया गया और फिर इस रथ को पुलिस लाइन में सुरक्षित खड़ा किया गया। सूत्र बताते हैं कि मालीवाड़ा चौक पर जिस स्थान से रोड शो शुरू होगा। उसी स्थान पर एक मंच भी बनाया जायेगा। जहां प्रधानमंत्री जनता को सम्बोधित कर सकते है।

### प्रधानमंत्री के साथ रथ में सवार रहेंगे लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 6 अप्रैल को रोड शो में कौन कौन मौजूद रहेगा, इसकी लिस्ट आज यानी गुरूवार की शाम को फाईनल हो जायेगी। बहरहाल अभी तक जो नाम फाईनल बताये जाते हैं उनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के नाम हैं। ये सभी प्रधानमंत्री के साथ उनके रोड शो वाले रथ में सवार होंगे। अभी फाईनल लिस्ट बाकी है और यहां पर लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग का नाम रोड शो वाले पथ पर चलने वाले रथ में रहने वालों में जुड़ चुका है।

# नामांकन में दिया भगवा विधायकों ने एकजुटता का संदेश

## नामांकन जुलूस से लेकर नामांकन कक्ष तक रहे एक साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधायक एकता की बात गाजियाबाद लोकसभा में बहुत दिनों से चल रही है। पहली पारी में भी ये शुरूआत हुई और दूसरी पारी में तो एकजुटता के पाले ही खिंच गये।

विधायक एकजुटता का ये आलम दिशा की बैठक से लेकर लोकसभा की दशा बदलने तक दिखाई दे रहा है। विधायक एकता जिंदाबाद का नारा पूरी लोकसभा में गूंज रहा है। अगर लोकसभा वालों से दूरियां रहीं है तो विधानसभा वालों की नजदीकियां आपस में एक दूसरे से बढ़ गई हैं। बुलंदशहर में सीएम की सभा में जायेंगे तो रेस्टोरेंट से फोटो एकसाथ आयेंगे। लखनऊ में सीएम से मिलेंगे तो एकसाथ मिलेंगे और यहां तक की जब दिशा की बैठक होती तो विधायकों की लोकेशन विधायक जी के भंडारे में एकसाथ ही मिली थी। बुधवार को जब शहर विधायक अतुल गर्ग लोकसभा वाला नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए चले तो भगवागढ के विधायकों ने एकता का संदेश दिया। नामांकन जुलुस से लेकर नामांकन कक्ष में विधायक एकसाथ रहे। विधायक एकता जिंदाबाद का सीन नामांकन कक्ष से बाहर आने के बाद भी हुआ। जब अतुल गर्ग नामांकन पत्र दाखिल कर बाहर आये तो सभी विधायकों ने उनके साथ मिलकर विक्ट्री का चिन्हं बनाया। विधायकों के चेहरों की मुस्कुराहट बता रही थी कि टीम वर्क ने काम किया है और ये विधायकों की वो टीम है जो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक साथ रही है। विधायकों की एकता का संदेश दिखाई दे रहा था।

# अतुल गर्ग और नंदकिशोर पुंडीर सहित पांच ने किया नामांकन

## 6 ने खरीदे नामांकन पत्र

## आज है नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन की प्रक्रिया के चौथे दिन 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग और बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके साथ ही भारतीय जनता दल के प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार, मिथुन जायसवाल निर्दलीय और राष्ट्रीय जन कर्मठा पार्टी के अंशुल गुप्ता ने नामांकन किया है। तो वही नामांकन पत्र खरीदने वालों में आशीष कुमार, शमशेर राणा, हरिश्चंद्र पाल, अमन कुमार, शमशेर अली और अखिलेश शामिल रहे। नामांकन प्रक्रिया का बुधवार 3 अप्रैल को चौथा दिन था। सुबह से ही जिला मुख्यालय में नामांकन प्रक्रिया के चलते भारी संख्या में पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की गई थी। यहां कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने का काम कर रही थी।



### पांचों विधायक पहुंचे थे अतुल गर्ग के नामांकन में साथ



करंट क्राइम : अतुल गर्ग को भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बनाया है। उनका अब पांचों विधायक कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अतुल गर्ग के नामांकन के दौरान साहिबाबाद के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और धौलाना विधायक धर्मेश तोमर प्रस्तावक एवं अनुमोदक बनकर नामांकन करने के लिए पहुंचे थे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से लेकर कमरा नंबर 102 तक पांचों विधायक एक साथ देखे गए।

### भाजपा का बड़े से बड़ा नेता पहले कार्यकर्ता होता है :अतुल गर्ग

करंट क्राइम : अतुल गर्ग ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में बुधवार को जिला मुख्यालय पर नामांकन किया। नामांकन करने के बाद उनके साथ चारों विधायक मौजूद थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीआर को मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है। यहां विकास का मुद्दा है, उनसे पूछा गया कि टक्कर किस्से है, तो उन्होंने कहा यह तो चुनाव परिणाम बताएंगे। चुनाव 2014 में और 17 में भी हुआ। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का बड़ा से बड़ा नेता पहले कार्यकर्ता होता है। पत्रकारों ने उनसे जनरल वीके सिंह की नाराजगी का सवाल पूछा तो उन्होंने कहा किसी की कोई नाराजगी नहीं है। जनरल वीके सिंह का टिकट कटा नहीं है उनकी भूमिका बदली गई है। वह निश्चित रूप से 6 अप्रैल को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में नजर आएंगे।





### बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर पर है 15 करोड़ की अचल संपत्ति

करंट क्राइम : बहुजन समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर मूल निवासी मुजफ्फरनगर के हैं। उनका व्यवसाय खेती और प्रॉपर्टी डीलिंग है। उन्होंने बीएससी और बीएड तक पढ़ाई की हुई है। उनका कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं है, इसके साथ ही उनके पास चल संपत्ति के रूप में 1 लाख 40 हजार, 600 रुपए मौजूद हैं। वहीं अगर अचल संपत्ति की बात की जाए तो वह लगभग 15 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति के स्वामी हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी है और उनकी पत्नी का नाम कविता है।

### अतुल गर्ग हैं सबसे अनुभवी प्रत्याशी

करंट क्राइम : अतुल गर्ग ने जो नामांकन किया है उसमें उन्होंने अपनी उम्र 66 वर्ष दिखाई है, इसलिए वह अपने विरोधी दलों के प्रत्याशियों के रूप में सबसे अनुभवी नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपना पता कवि नगर का दर्ज कराया है। साथ ही एक पर्चा खरीदा था। शिक्षा उनकी इंटर तक दर्शायी गई है। अतुल गर्ग का आपराधिक इतिहास निल है, जबकि उनकी सल और अचल संपत्ति लगभग 23 करोड़ रुपये है।

# जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से की जनरल वीके सिंह की खुलकर प्रशंसा



## कहा बखूबी निभाई उन्होंने अपनी जिम्मेदारी और यह फैसला है पार्टी की अनुशंसा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जब बुधवार को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान पर आये तो उन्हें अपने पुराने दिन भी याद आये। यहां उन्होंने एक स्वच्छ राजनीतिक परिपाटी का पालन करते हुए अपने भाषण के छठवें मिनट में जनरल वीके सिंह का जिक्र किया। उन्होंने वर्ष 2014 को याद किया और कहा जब मैं लखनऊ गया तो पार्टी ने यहां से जनरल वीके सिंह को मैदान में उतारा था। मैं गाजियाबाद की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि आप लोगों ने उन्हें दो-दो बार सांसद बनाकर संसद में भेजा। राजनाथ सिंह ने जनरल वीके सिंह प्रशसां करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ सांसद के रूप में काम किया और केन्द्र सरकार में मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने यहां पर उम्मीदवार बदलने को लेकर कहा कि यह पार्टी का दस्तूर है। समय-समय पर जहां आवश्यकता होती है पार्टी उम्मीदवार बदलती है। आज जो सांसद हैं जरूरी नहीं कि वो प्रत्याशी रहेगा। पार्टी अन्य को भी अवसर देती है। लिहाजा यही पार्टी की अनुशंसा थी कि यहां से अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया जाये।

### जब राजनाथ सिंह ने कहा अतुल गर्ग में है कुछ कर गुजरने की क्षमता

करंट क्राइम। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के भाजपाई शिजरे का भी उल्लेख किया। कहा कि लंबे समय से इनके परिवार की पृष्ठभूमि भाजपा की रही है। यहां उन्होंने अतुल गर्ग के पिता और गाजियाबाद के प्रथम मेयर स्वर्गीय डीसी गर्ग की ईमानदारी का जिक्र किया और कहा कि अतुल गर्ग को कुछ गुण विरासत में प्राप्त हुए हैं। भाजपा की इलैक्शन कमेटी ने फैसला किया था कि गाजियाबाद से किसी को लाना है तो अतुल गर्ग को ही लाना है। उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग प्रखर मेघा के धनी है और उनमें अद्भुत काल्पनिक क्षमता है। अतुल गर्ग के भीतर कुछ कर गुजरने की क्षमता है इसलिए भाजपा ने इन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा है।

# जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छात्रों का असली संकटमोचक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को गाजियाबाद आये। यहां उन्होंने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के संकट मोचक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस समय यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध प्रारम्भ हुआ और दोनों देशों ने एक दूसरे पर मिसाइलें दागनी शुरू कीं तब यूक्रेन में भारत के लगभग 25000 बच्चे मौजूद थे। ये बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए भारत से यूक्रेन में गये थे। इन बच्चों के माता-पिता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ये मांग की थी कि हमारे बच्चों को यूक्रेन से सुरक्षित बाहर निकाला जाये। हमारे बच्चे वहां फंस गये हैं। इसके बाद दुनिया में कोई पीएम जिस काम को नहीं कर पाया उस काम को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करके दिखाया। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके बाद रूस के प्रधानमंत्री पुतिन से बात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात की और अमेरिका के राष्ट्रपति बाईडेन से बात की। ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृढ़ संकल्प था कि इस बातचीत के बाद साढे चार घंटे के लिए युद्ध रूक गया और 22500 छात्र यूक्रेन से सुरक्षित भारत आ गये। सारी दुनिया ने भारत की इस ताकत को देखा और पूरे देश के साथ-साथ 22500 छात्रों के माता-पिता ने ये महसूस किया कि उनके बच्चों के लिए संकट मोचक कौन बना।





### किस तरह से प्रधानमंत्री के फोन के बाद रुक गया था साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध

# एक बार फिर सच साबित हुई दैनिक करंट क्राइम की खबर

**बदल गया बागपत का टिकट अब अमरपाल शर्मा होंगे सपा उम्मीदवार**


जब बागपत से हो गई लोकसभा उम्मीदवार को लेकर फर्जी सूची जारी
तस्दीक का बना आधार, नाम के आगे लगा स्टार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने पड़ोस वाले जिले की लोकसभा को लेकर सबसे पहले ये समाचार प्रकाशित किया था कि गाजियाबाद से एक पूर्व विधायक पड़ोस वाले जिले यानी बागपत से सपा कांग्रेस गठबंधन के लोकसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं। इसके बाद यहां राजनीतिक घटनाक्रम बदला और किसी अन्य चेहरे की उम्मीदवार होने की खबर आ गई। इसके बाद भी करंट क्राइम ने ये संकेत दिये थे और प्रकाशित किया था कि यहां स्टोरी में ट्विस्ट आयेगा और यहां घोषित किये गये उम्मीदवार का टिकट कट सकता है और पूर्व विधायक की एन्ट्री हो सकती है। बुधवार को इस मामले में मोड आ गया जब यहां से पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा हो गई। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस खबर को लेकर पूर्व विधायक और लोकसभा उम्मीदवार अमरपाल शर्मा से बात की तो उन्होंने अपना टिकट होने की पुष्टि की। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह लखनऊ में हैं और उन्हें सिम्बल प्राप्त हो गया है। वह गुरूवार को नामांकन दाखिल करेंगे। अमरपाल शर्मा अब बागपत लोकसभा सीट से सपा कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। उन्हें लखनऊ में सिम्बल मिल गया है और अब उन्हें नामांकन पत्र दाखिल करना है। इसी के साथ करंट क्राइम की खबर सत्य साबित हुई।

## संपादकीय

### प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आहवान

सन 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति का युद्ध भारतीय सेना ने लड़ा था और पाकिस्तान के 90,000 से अधिक फौजियों को आत्म-समर्पण के लिए विवश किया था। मुक्ति-संग्राम के दौरान शेख मुजीबुर्रहमान को भारत ने ही संरक्षण दिया था। जब बांग्लादेश बनने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीब और परिजनों के कत्ल किए गए थे, तब मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना को भी भारत ने ही शरण देकर उनकी जान बचाई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद बुनियादी, मानसिक और सैद्धांतिक रूप से भारतवादी हैं। वैसे भी ढाका और दिल्ली के सांस्कृतिक और कारोबारी रिश्ते ब्रिटिशकालीन हैं। चूंकि शेख हसीना एक बार फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी गई हैं, अवाम ने कट्टरपंथी, दहशतगर्द ताकतों को खारिज कर जनादेश दिया है कि उन्हें जेल में ही साडियां दें, लिहाजा भारत पर तोहमतें चस्पा की जा रही हैं कि हसीना को चुनाव जिताने में भारत सरकार की दखल भूमिका रही है। यह सरासर गलत है। भारत ने तो तब भी बांग्लादेश की अंदरूनी सियासत में हस्तक्षेप नहीं किया था, जब वहां सैन्य वर्चस्व बढ़ रहा था। अब विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना का है, लेकिन अभियान बॉयकॉट इंडिया का छेड़ रखा है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार किया जाए, विपक्ष की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारत के प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आह्वान कर रखा है। यह घोर निंदनीय है। लगता है बीएनपी के नेता और काडर को इतिहास की जानकारी नहीं है और न ही उन्हें बांग्लादेश के अस्तित्व के लिए भारत के आर्थिक और सामरिक सहयोग का एहसास है। वैसे बीएनपी के भारत-बहिष्कार का मुंहतोड़ जवाब प्रधानमंत्री हसीना ने विपक्ष को दिया है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को कहा है कि वे अपनी पत्नियों की साडियां जलाएं। उनकी पत्नियों के पास कितनी साडियां हैं और उन्होंने अभी तक उन्हें आग के हवाले क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री हसीना ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी को चुनौती दी है, जब विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की भारतीय साडियां अपने पार्टी दफ्तर के सामने जलाएंगे, तब यह साबित होगा कि वे वाकई भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री हसीना का गंभीर आरोप है कि जब बीएनपी सत्ता में थी, तो उनके नेता और पत्नियां भारत जाते थे। वहां से साडियां खरीद कर लाते थे और बांग्लादेश में लौट कर साडियां बेचा करते थे। अब बीएनपी नेताओं को भारतीय उत्पादों पर क्या कहना है? दरअसल भारत से गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक और लगभग सभी मसाले बांग्लादेश को भेजे जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का सवाल है कि क्या भारतीय मसाले बीएनपी नेताओं के घरों में नहीं दिखेंगे? अथवा बीएनपी नेता और उनके परिवार इन मसालों के बिना ही भोजन खाएंगे? भारत के ढेरों उत्पाद बांग्लादेश में आते हैं, किस-किस का बहिष्कार किया जाएगा? दरअसल यदि बांग्लादेश चाहे, तो भी भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार व्यावहारिक और सैद्धांतिक तौर पर भी अनुचित है। यह संकीर्ण अभियान बीएनपी के एक नेता की स्वार्थी राजनीति के तौर पर छेड़ा गया था, जिसने भारतीय, कश्मीरी शॉल कंधे से उतार फेंका था। हैशटैग इंडिया आउट और बॉयकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स के जुमलों की सियासत आखिर क्या है? उसे जनमत तो हासिल नहीं है और न ही व्यापक स्वीकृति मिली है। बेशक बांग्लादेश में भारतीय साडियां के प्रति स्वाभाविक लगाव है। प्रधानमंत्री हसीना को भी ये साडियां खूब पसंद हैं। क्या हसीना-विरोध के लिए बहिष्कार के मुद्दे पर अवाम को उकसाया जा रहा है।

# 'अदाणी मामले में दूसरा एसबीआई ना बने सेबी'

## जयराम रमेश बोले : तीन महीने में गठित हो जाएगी जेपीसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि हम सेबी की ओर से अदालत में अपनी रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद करते हैं, और हमें उम्मीद है कि यह चुनाव की तारीख से आगे बढ़ने के लिए एक और समय विस्तार की मांग नहीं करेगा।कांग्रेस ने बुधवार को उम्मीद जताई कि अदाणी समूह द्वारा शेयरों में कथित हेरफेर के आरोपों की जांच का जिम्मा संभाल रहा सेबी उच्चतम न्यायालय में अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए और समय सीमा आगे बढ़ाने की मांग नहीं करेगा ताकि चुनाव की तारीखें निकल जाएं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) को दूसरा एसबीआई नहीं बनना चाहिए, जिसने सच बताने में आनाकानी की।



एक्स पर एक पोस्ट में, रमेश ने कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले साल अदाणी समूह पर स्टॉक हेरफेर और प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए थे। अदाणी समूह ने आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया है और कहा है कि वह सभी कानूनों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन करता है। रमेश ने कहा, सेबी को 14 अगस्त, 2023 तक इन आरोपों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया था।

बार-बार एक्सटेंशन की मांग करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को आज, 3 अप्रैल, 2024 तक का समय दिया। उन्होंने पोस्ट में कहा, हम सेबी की ओर से आज अदालत में अपनी रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद करते हैं, और हमें उम्मीद है कि यह चुनाव की तारीख से आगे बढ़ने के लिए एक और विस्तार की मांग नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा, सेबी को एक और एसबीआई नहीं बनना चाहिए, और सच कहने से नहीं डरना चाहिए।

रमेश ने यह भी कहा, सेबी की जांच सीमित है- केवल एक जेपीसी ही घोटाले को उजागर कर सकती है, जैसा कि फरवरी-अप्रैल 2023 के बीच हम अदानी के हैं कौन (एचएएचके) श्रृंखला द्वारा 100 प्रश्न पीएम से पूछे थे। उन्होंने कहा, सिर्फ 3 महीने और और जेपीसी एक वास्तविकता बन जाएगी। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। कांग्रेस ने अदाणी मुद्दे पर सरकार से कई सवाल पूछे हैं, रमेश ने आरोप लगाया है कि कि यह एक 'घोटाला' है, उसका जवाब मांगा जा रहा है।

## किसानों से सीधे न खरीदें कारोबारी; गेहूं खरीद पर 17 साल बाद केंद्र सरकार की ऐसी सलाह



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शीर्ष गेहूं उत्पादक राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि निजी व्यापारी इस साल कम-से-कम तीन करोड़ टन गेहूं खरीदने की भारतीय खाद्य निगम की योजना के रास्ते में बाधा न बनें। केंद्र सरकार ने वैश्विक व घरेलू कारोबारियों को घरेलू किसानों से नए सीजन का गेहूं खरीदने से बचने को कहा है। 2007 के बाद इस तरह की यह पहली सलाह है। सूत्रों ने कहा, सरकार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के घटते भंडार को बढ़ाने के लिए बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने की तैयारी में है। इसलिए, निजी व्यापारियों को अनौपचारिक रूप से कम-से-कम अप्रैल में उन थोक बाजारों से दूर रहने को कहा गया है, जहां किसान अपनी उपज एफसीआई या इन व्यापारियों को बेचते हैं। छोटे व्यापारियों व प्रोसेसर को छोड़कर हर किसी को सरकार के निदेशों का पालन करना होगा। एफसीआई की खरीद योजना में बाधा न बनें व्यापारी सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने शीर्ष गेहूं उत्पादक राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि निजी व्यापारी इस साल कम-से-कम तीन करोड़ टन गेहूं खरीदने की भारतीय खाद्य निगम की योजना के रास्ते में बाधा न बनें।

## कच्चा तेल 88 डॉलर के पार, कीमतें छह माह में सर्वाधिक

**नई दिल्ली।** यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक पर ड्रोन से हमला किया। हालांकि, इस हमले से रिफाइनरी की प्राथमिक तेल शोधन इकाई प्रभावित हुई है। प्रभावित इकाई संयंत्र की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.40 लाख बैरल प्रतिदिन का आधा हिस्सा है। आपूर्ति संबंधी दिक्कतों की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 88 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। यह अक्तूबर, 2023 के बाद इसका छह महीने का उच्च स्तर है। रूस की तेल इकाइयों पर यूक्रेन के हमलों व मध्य पूर्व देशों में बढ़ रहे संघर्षों के कारण तेल की



कीमतों में तेजी बनी हुई है। इससे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतें 1.29 डॉलर बढ़कर 88.71 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.30 डॉलर बढ़कर 85.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।दरअसल, यूक्रेन ने मंगलवार को रूस की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक पर ड्रोन से हमला किया। हालांकि, इस हमले से रिफाइनरी की प्राथमिक तेल शोधन इकाई प्रभावित हुई है। प्रभावित इकाई संयंत्र की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.40 लाख बैरल प्रतिदिन का आधा हिस्सा है। शीर्ष तीन वैश्विक तेल उत्पादकों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक रूस तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेनी हमलों से जूझ रहा है। इसके जवाब में उसने यूक्रेनी ऊर्जा इन्फ्रा ढांचे पर हमले बढ़ा दिए हैं।

88.71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा ब्रेंट क्रूड, 1.29 डॉलर की तेजी ओपेक सदस्य दूसरी तिमाही के अंत तक 22 लाख बैरल प्रतिदिन की वर्तमान स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को बनाए रख सकते हैं। ओपेक के तेल उत्पादन में पिछले महीने 50,000 बैरल प्रतिदिन की गिरावट देखने को मिली थी। इससे स्वैच्छिक कटौती का कुछ प्रभाव पड़ता दिख रहा है।

आगे भी कीमतों में उछाल की आशंका ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा, वह सीरिया की राजधानी दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास के खिलाफ संदिग्ध इस्रायली हवाई हमले के लिए जवाबी कार्रवाई करेगा। इस्रायल गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध में है।

## 2024 में 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था, वर्ल्ड बैंक का अनुमान



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल वर्ल्ड बैंक ने अनुमान जताया है कि साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 फीसदी की दर से विकास करेगी। वर्ल्ड बैंक के पूर्व के अनुमान की तुलना में यह 1.2 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ल्ड बैंक ने ये भी कहा है कि पूरे दक्षिण एशिया के देश भी 6 फीसदी की मजबूत दर से विकास करेंगे।

**भारत रहेगा दक्षिण एशिया के विकास का इंजन :** वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत की तेज विकास दर और पाकिस्तान और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं में आ रहे सुधार की वजह से दक्षिण एशियाई देशों की कुल विकास दर तेज रहेगी। वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को दक्षिण एशिया विकास को लेकर ताजा अपडेट जारी किया है, जिसमें उक्त अनुमान जताया गया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, अगले दो वर्षों में दुनिया में सबसे तेज विकास दक्षिण एशियाई क्षेत्र में ही होगा। साल 2025 में भी दक्षिण एशियाई देशों की कुल विकास दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान है।

वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 'दक्षिण एशिया की कुल अर्थव्यवस्था में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी है और भारत की विकास दर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7.5 फीसदी रह सकती है। मिड टर्म के बाद यह वापस 6.6 फीसदी पर आ सकती है। भारत की विकास दर में सबसे अहम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक विकास होंगे।' वित्तीय वर्ष 2024-25 में बांग्लादेश की विकास दर 5.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि बढ़ती महंगाई और व्यापार और विदेशी मुद्रा विनिमय पर प्रतिबंध के चलते विकास दर प्रभावित रहेगी।

**पाकिस्तान और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं में सुधार के संकेत**

वित्तीय संकट से जूझ रहे दक्षिण एशिया के एक और देश पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत मिले हैं। वर्ल्ड बैंक के अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान की विकास दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 फीसदी रह सकती है। वहीं श्रीलंका में साल 2025 में विकास दर 2.5 फीसदी रहेगी। श्रीलंका में पर्यटन और विदेशों से आने वाले धन में तेजी आने के संकेत हैं।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में दक्षिण एशियाई देशों की विकास दर को लेकर चिंता भी जाहिर की गई है। वर्ल्ड बैंक के दक्षिण एशिया के उपाध्यक्ष मार्टिन रेजर ने कहा कि 'दक्षिण एशिया की विकास दर कम समय के लिए तेजी से विकास करेगी, लेकिन कमजोर राजकोषीय स्थिति और जलवायु परिवर्तन से क्षेत्र की विकास दर पर बड़े खतरे हैं। विकास को और लचीला बनाने के लिए दक्षिण एशियाई देशों को ऐसी नीतियां बनाने की जरूरत है, जिससे निजी निवेश और रोजगार विकास को बढ़ावा मिले।'

## राशिफल

**मेष :** छोटी-मोटी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य को उत्साह व प्रसन्नता से कर पाएगा।

**वृष :** किसी पुरानी व्याधि के उभरने की संभावना है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कोई आकस्मिक खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका हुआ पैसा जैसे एरियर, कमीशन व किराया आदि प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। भाग्य का साथ रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सहयोग से काम बनेंगे।

**मकर :** चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। किसी व्यक्ति से बेबात बहस हो सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में मधुरता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। किसी सरकारी कार्यालय में अटका काम मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी तरह की झंझट में न पड़ें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

## चुटकुले

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु - वो कैसे...?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में,
सोना दाँतों में, मोती आखों में
शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में
पाए जाने लगते हैं।

संता (बंता से) - पता है, आज मैंने 8 मिनट में 16 किलोमीटर की दौड़ लगाई...!
बंता - अरे वाह... पर क्यों...?
संता(दुखी मन से) - कुछ मूर्ख लोगों की वजह से, जो कुत्तों को पाल तो लेते हैं, पर बांधकर नहीं रखते...!

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए,
तो कितने आम बचे...?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे...?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे,
सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# कौन हैं कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाले बॉक्सर विजेंदर सिंह? ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था लेकिन असफल रहे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं। विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है। बता दें कि, 19 अप्रैल से सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। लोकसभा चुनावों के साथ 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। 2008 बीजिंग ओलंपिक में जीता था कांस्य विजेंद्र को साल 2009 में



राजीव गांधी खेल रत्न से नवाजा गया था। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। वे इन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज थे।

विजेंद्र बीजिंग ओलिंपिक्स में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट थे। हरियाणा सरकार ने दी थी डीएसपी की पोस्ट पूर्व भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार ने बॉक्सिंग में विजेंद्र की उपलब्धियों के चलते उन्हें सम्मान स्वरूप हरियाणा पुलिस में डीएसपी की पोस्ट दी थी। 2008 में विजेंद्र ने बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

इसके बाद हुड्डा सरकार ने उन्हें एचपीएस बनाया था। 2015 में पेशेवर मुक्केबाज बनने के दौरान भी उनके डीएसपी पद को लेकर विवाद खड़ा हुआ था, लेकिन सरकार ने उन्हें डीएसपी स्पोर्ट्स के पद पर बरकरार रखा। भारत के सबसे कामयाब बॉक्सरों में शुमार किए विजेंद्र ने अपने एमेच्योर कैरियर को तौबा करते हुए प्रोफेशनल बॉक्सर बनने का फैसला किया था। कॉलेज के दिनों से था मुक्केबाजी का शौक 29 अक्टूबर, 1985 में हरियाणा के भिवानी में जन्में विजेंद्र के पिता महिपाल सिंह बेनीवाल हरियाणा रोडवेज में बस ड्राइवर हैं। उनकी मां गृहणी हैं। विजेंद्र बेहद निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से जुड़े हैं। विजेंद्र सिंह को कॉलेज के दिनों से ही मुक्केबाजी और कुश्ती का शौक था, वह इसकी प्रैक्टिस भिवानी बॉक्सिंग क्लब में करते थे। उन्होंने कोचिंग का प्रशिक्षण भारतीय बॉक्सिंग कोच गुरबक्श सिंह संधू से लिया हैं। 17 मई, 2011 को विजेंदर ने अर्चना सिंह को हमसफर बनाया। अर्चना दिल्ली की रहने वाली हैं और सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल हैं।

# एसआरएच के खिलाफ मैच से पहले सीएसके को लगा बड़ा झटका, घातक गेंदबाज अचानक लौटा घर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले तगड़ा झटका लगा है। ऋतुराज गायकवाड़ की टीम शुक्रवार को अपना चौथा मुकाबला खेलती नजर आएगी। इस मैच से पहले टीम का एक गेंदबाज स्वदेश लौट गया है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि वह वीजा संबंधी समस्या की वजह से स्वदेश लौट गया है। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में चेन्नई ने आईपीएल 2024 में अब तक तीन मुकाबले खेले हैं। इनमें टीम को दो में जीत मिली है जबकि दिल्ली के खिलाफ खेले गए मैच में सीएसके को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब टीम की नजर हैदराबाद का किला भेदने पर होगी, लेकिन इस मैच से पहले चेन्नई को तगड़ा झटका लगा है। स्वदेश लौटा चेन्नई का यह खिलाड़ी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेन्नई के कातिलाना



गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश लौट गए हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने जा रहे टी20 विश्व कप के लिए वीजा संबंधी समस्या को निपटाने के लिए वह स्वदेश लौट गए।

इस रिपोर्ट में बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया, मुस्तफिजुर आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिकी वीजा प्रयोजनों के लिए आईपीएल से कल रात पहुंचे। वह कल (4 अप्रैल) अमेरिकी दूतावास में अपना फिंगरप्रिंट देंगे और बाद में चेन्नई में शामिल होने के लिए भारत वापस आएंगे।

पर्पल कैप की रेस में शीर्ष पर मुस्तफिजुर 28 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के 17वें सीजन में अब तक धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन मैचों में सीएसके के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रहमान ने अब तक कुल सात विकेट हासिल किए हैं।

फिलहाल उनका पर्पल कैप पर कब्जा है। दिल्ली के खिलाफ खेले गए मैच में वह काफी महंगे साबित हुए थे। उन्होंने अपने चार ओवरों में एक विकेट के लिए 47 रन खर्च कर दिए थे।

### 30 अप्रैल के बाद छोड़ देंगे सीएसके का साथ

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मुस्तफिजुर अप्रैल के अंत तक आईपीएल 2024 में खेलते नजर आएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मई से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलते नजर आ सकते हैं। मुस्तफिजुर ने 91 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 107 विकेट चटकाए हैं।

## व्यापारी समाज का मिलेगा मसूर समर्थन : बालकिशन गुप्ता

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी बाल किशन गुप्ता, जिला अध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा भाजपा नेता आशु पंडितखमनोज गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, आलोक गर्ग ने लोकसभा बैठक के दौरान भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को अपना आशीर्वाद दिया तथा उनकी 8 लाख से ज्यादा वोटों से जीतने की कामना की।



# पीएम के रोड शो का संगठनात्मक खाका तैयार

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आगामी 6अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए भाजपा की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री के रोड शो का रूट सहित पूरा रोडमैप तैयार कर लिया गया है। पीएम रोड शो का पूरा खाका मालीवाड़ा से चौधरी मोड़ तक के रूट पर तय किया गया जिसमें आगुंतकों के लिए पहुंचने का समय सांय 4 बजे से पहले का तय किया गया। पूरे रोड शो को 15 से 17 ब्लॉक में वर्गीकरण करते हुए भारतीय परिधान के साथ महिलाओं का ब्लॉक, दिव्यांग, खिलाड़ी, व्यापारी ब्लॉक सहित अन्य ब्लॉक रोड शो की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार किए जाएंगे। भाजपा संगठन की ओर से पीएम रोड शो की सफलता की देख रेख क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, मंत्री आशीष वत्स और लोकसभा की दृष्टि से पीएम रोड शो की सफलता के बाबत अपनी लोकसभा की टोली के साथ पूर्व महापौर अशु वर्मा कमान संभालेंगे। बाकी सभी जिम्मेदारियां भी सम्बंधित को सौंप दी गई हैं। बैठक में पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व निगम उपाध्यक्ष सुनील यादव,महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, सरदार एसपी सिंह, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, संदीप त्यागी,राजेंद्र त्यागी, राजीव शर्मा, दिवाकर सिंघल, राजेंद्र तितौरिया, सचिन डेढ़ा, कामेश्वर त्यागी, रानीता सिंह धीरज शर्मा, उदिता त्यागी, पवन गोयल, संजय कश्यप राजेंद्र मित्तल, चमन चौहान, नीरज गोयल, अनिल सांवरिया, महिम गुप्ता, हिमांशु शर्मा, प्रतीक माथुर, नमित वार्ष्णेय ,राहुल बैंसला, ओमदत्त कौशिक, दयानंद बंसल आदि उपस्थित रहे। पीएम रोड शो में प्रयुक्त होने वाले रथ की जिम्मेदारी अनुज मित्तल, संदीप त्यागी तथा मीडिया की जिम्मेदारी प्रदीप चौधरी संभालेंगे।



# हॉकी उपकप्तान हार्दिक सिंह ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज सिंह को दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

जालंधर के खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे। हार्दिक ने पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, 14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे



बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था।

साथ ही उन्होंने कहा, उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी। अगर उन्होंने (जुगराज) उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है। हार्दिक ने कहा, उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए। उन्होंने कहा, उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं। घरेलू टीमों के लिए खेलें और अपना कौशल दिखाएं ताकि लोग आपके बारे में जान सकें। इस मिडफील्डर ने कहा, अगर उनका मार्गदर्शन नहीं होता तो मैं आज यहां नहीं होता क्योंकि मेरे पास इतना धैर्य नहीं था। हार्दिक के भारत में रुकने के फैसले के वांछित परिणाम मिले क्योंकि वह भारतीय टीम में मिडफील्ड का अहम हिस्सा बने और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य तथा हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। वह 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

हाल ही में हार्दिक को अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के साथ-साथ हॉकी इंडिया का भी साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। जुगराज ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में हार्दिक को भी असफलताओं का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने उसे देश का प्रतिनिधित्व करने के महत्व के बारे में याद दिलाया और इससे इस स्टार मिडफील्डर को प्रेरणा मिली। जुगराज ने बताया, उसने अब तक जो हासिल किया है वह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है लेकिन सफर अभी खत्म नहीं हुआ है इसलिए मैंने उसे कड़ी मेहनत करने की सलाह दी और उसे परिणाम मिलेंगे। उसने भी बहुत मेहनत की।

# आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट लेकर मयंक ने बनाया रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। वह प्रत्येक मैच में अपनी घातक गेंदबाजी की बदौलत रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा रहे हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में किया। उन्होंने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन खर्च किए और तीन विकेट हासिल किए। उनकी इस कातिलाना गेंदबाजी के दम पर लखनऊ ने 28 रन से जीत हासिल की। इसी के साथ मयंक ने अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड कर लिया। आईपीएल के 17वें सीजन का 15वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मैच में लखनऊ ने क्विंटन डिकॉक की 80 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 181 रन बनाए और आरसीबी को 182 रन का लक्ष्य थमाया। इसके जवाब में फाफ डुप्लेसिस की टीम 153 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस टूर्नामेंट में



### सीजन की सबसे तेज गेंद मयंक के नाम

मयंक ने मंगलवार को आरसीबी के खिलाफ मैच में इस सीजन की सबसे तेज गेंद फेंकी। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। दरअसल, पंजाब के खिलाफ मैच में मयंक ने 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वहीं, बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने 156.7 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंक कर अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। यह इस सीजन अब तक की सबसे तेज गेंद है। वह उमरान मलिक के बाद 156 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले भारत के दूसरे गेंदबाज हैं। वहीं, ओवरऑल इस लीग में वह ऐसा करने वाले पांचवें गेंदबाज हैं।

यह लखनऊ की तीन मैचों में दूसरी जीत है जबकि आरसीबी को इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों शिकस्त मिली थी।

शुरूआती दो मैचों में तीन-तीन विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज बने मयंक 21 वर्षीय गेंदबाज ने लखनऊ के खिलाफ तीन विकेट लेकर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह अब अपने पहले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन या अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट हासिल किए थे। इस दौरान उन्होंने 6.75 के इकॉनमी रेट से सिर्फ 27 रन खर्च किए थे। दिल्ली के इस गेंदबाज ने इसी के साथ लसिथ मलिंगा और जोफ्रा ऑर्चर जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं। वह ऐसा करने वाले छठे गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह कारनामा लसिथ मलिंगा, अमित सिंह, मयंक मार्कंडेय, केवन कूपर और जोफ्रा ऑर्चर ने किया है। इन गेंदबाजों ने अपने आईपीएल करियर के शुरूआती दो मुकाबलों में से प्रत्येक में तीन या उससे अधिक विकेट हासिल किए।

# तीन मैचों में मिली हार से टूटा हार्दिक का दिल तो टक्के इस सितारे ने ऐसे बढ़ाया हौसला

**मुंबई।** आईपीएल का 17वां सीजन हार्दिक पांड्या के लिए अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उनके नेतृत्व में मुंबई इंडियंस अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। टीम को लगातार तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है जिसकी वजह से कप्तान पांड्या को फैंस की नाराजगी का शिकार होना पड़ रहा है। सोमवार को राजस्थान के खिलाफ मैच में मिली हार के बाद स्टार ऑलराउंडर का दिल टूट गया और वह डगआउट में अकेले बैठे नजर आए। इस दौरान मुंबई के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को उनका हौसला बढ़ाते देखा गया।



### हार्दिक को झेलनी पड़ रही है फैंस की नाराजगी

हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक बुरी यादों वाला रहा है और उन्हें इस दौरान फैंस की नाराजगी का भी सामना करना पड़ रहा है। स्टेडियम में उन्हें लगातार दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही कुछ वानखेड़े स्टेडियम पर भी देखने मिला जो मुंबई का होम ग्राउंड है। मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर इस सीजन पहली बार खेलने उतरी, लेकिन टीम के नए कप्तान हार्दिक को यहां भी हूटिंग का सामना करना पड़ा।

### रायडू ने इस तरह बढ़ाया कप्तान का हौसला

राजस्थान के खिलाफ मिली हार के बाद हार्दिक पांड्या उदास हो गए जिसके बाद अंबाती रायडू ने उन्हें सहारा दिया। दोनों खिलाड़ियों को आपस में बात करते देखा गया। इस दौरान रायडू ने अपना हाथ उनके कंधे पर रखा और उनका हौसला बढ़ाया। मुंबई इंडियंस ने इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसके साथ टीम ने कैप्शन में लिखा, 'हम क्यों गिर गए? ताकि हम खुद को उठाना सीख सकें।'

### राजस्थान के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे मुंबई के बल्लेबाज

राजस्थान के खिलाफ मुंबई इंडियंस की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। टीम ने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा और नमन धीर के विकेट गंवाए और फिर डेवाल्ड ब्रेविस और इशान किशन भी सस्ते में आउट हो गए। हालांकि हार्दिक और तिलक वर्मा ने कुछ सधी हुई पारियां खेली जिससे मुंबई की टीम 125 रनों का स्कोर बनाने में सफल रही। जवाब में राजस्थान ने 27 गेंद शेष रहते 127 रन बनाकर जीत दर्ज की।

# निकहत, मनिका और श्रीशंकर सहित कई खिलाड़ियों को मिलेगी वित्तीय सहायता, खेल मंत्रालय से मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को बैठक में मंजूरी दी।

मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोगोर्हेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे। पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे। सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है।

पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ और दोहा में डायमंड लीग में भाग लेंगे। इस बीच तीन निशानेबाजों अनंतजीत सिंह नरुका और रायजा ढिल्लों (स्कीट) और राजेश्वरी कुमारी (ट्रैप)तथा पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली को भी इस ओलंपिक चक्र के लिए टॉप्स के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

# बिंदिया ने विश्वकप में जीता कांस्य पदक, ओलंपिक क्वालिफायर के 55 भार वर्ग में उठाया 196 किलो वजन



**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी ने ओलंपिक क्वालिफायर विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिया। उन्होंने मंगलवार को 55 भार वर्ग में कुल 196 किलो वजन उठाकर पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से लगातार चोटिल चल रहीं बिंदिया भी मीराबाई के साथ सेंटलुई (अमेरिका) इलाज कराने गई थीं। वह भी मीरा की तरह पुनर्वास से गुजर कर यहां वापसी कर रही थीं। मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरूआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बिंदिया ने कांस्य जरूर जीता है, लेकिन उनका पेरिस ओलंपिक का टिकट मुश्किल है। वह अगले माह जारी होने वाली ओलंपिक क्वालिफिकेशन की रैंकिंग में नीचे हैं।


## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदको ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/ किराये की / नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्रं० सं० | मूल आवंटी / पट्टाधारक / स्वामी का नाम | भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत / पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री राजीव मोहनिया पुत्र स्व0 श्री आर0 बी0 लाल एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी स्व0 श्री राजीव मोहनिया | SRB-18-D | शिप्रा रिवेरा इन्दिरापुरम | श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी स्व0 श्री राजीव मोहनिया | SRB-18-D, शिप्रा रिवेरा, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद 8920713825 | सह पट्टेदार श्री राजीव मोहनिया पुत्र स्व0 श्री आर0 बी0 लाल की मृत्यु दिनांक 24.04.2021 को हो जाने के कारण | पट्टाधृत |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड/ भवन/ फ्लैट के अन्तरण/ नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियाँ सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव/ प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/ नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहायक प्रभारी व्यावसायिक

# दंपति समेत परिवार के तीन लोगों ने कर ली आत्महत्या

## पुलिस को सूचना दिये बिना कर दिया अंतिम संस्कार



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव रेवड़ी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है जिसमें दंपति समेत परिवार के तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली है। बताया गया है कि पति से झगड़े के बाद पत्नी ने अपनी मासूम बेटी को जहर देकर खुद भी खा लिया। पत्नी और बेटी द्वारा जहर खाने की जानकारी होते ही पति ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। खास बात यह है कि परिजनों और ग्रामीणों ने इस सनसनीखेज घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी और बिना पोस्टमार्टम कराए चोरी-छिपे तीनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिला और युवक के परिजनों ने इस मामले में लिखित रूप में दिया है कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। अब पुलिस कानूनी पहलुओं को जानने में जुटी है। मुरादनगर थानांतर्गत रेवड़ी गांव में रोहताश सपरिवार रहते हैं। 2 मंजिला मकान में रोहताश के अलावा पुत्र अंकुर (23), पुत्रवधू निशा (22) एवं पोती शालू (2) भी रहते थे। अंकुर खेतीबाड़ी कर परिवार की आजीविका चलाता था। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को तड़के करीब 2 बजे अंकुर ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। पड़ोस के मुस्लिम परिवार को सबसे पहले इस घटना का पता चला। घड़ी का अलार्म बजने पर पड़ोसी परिवार के एक सदस्य की नींद टूट गई। रोहताश के मकान से आग की लपटें उठती देखकर शोर मचा दिया गया। तदुपरांत पीड़ित परिजनों ने अंकुर को झुलसी अवस्था में मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच अंकुर की पत्नी निशा व बेटी शालू की तलाश शुरू की गई। दोनों मां-बेटी अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। जिन्हें आनन-फानन में मोदीनगर के जीवन हॉस्पिटल ले जाया गया। एसीपी मसूरी नरेश कुमार के मुताबिक अंकुर ने सुभारती अस्पताल में मंगलवार की सुबह 7 बजे दम तोड़ दिया था। जबकि निशा व शालू की भी मौत हो गई। पीड़ित परिजनों ने घटना के बारे में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। देर शाम 4 बजे परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर तीनों शवों का चोरी-छिपे अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार को जानकारी मिलने पर पुलिस टीम रेवड़ी गांव पहुंची। पीड़ित परिवार से पूछताछ की गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को अवगत कराया कि अंकुर और निशा की शादी 3 साल पहले हुई थी। दोनों में अक्सर विवाद रहता था। मंगलवार को पीड़ित भी आपसी विवाद होने पर निशा ने मासूम बेटी शालू को जहर देने के बाद खुद भी खा लिया। यह देखकर सदमे में आकर अंकुर ने खुद को आग लगा ली थी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि अंकुर और निशा के परिजनों ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताकर पुलिस को लिखित रूप में दिया है कि वह इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। नतीजन पुलिस अपने स्तर से जांच एवं कार्रवाई में जुटी है। इस हृदयविदारक घटना की जानकारी न होना मुरादनगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। बताया गया है कि मंगलवार को पुलिस रेवड़ी के बगल के गांव में मुचलका की कार्रवाई करने गई थी। मुचलका कार्रवाई कर पुलिस लौट गई, मगर रेवड़ी की घटना के बारे में बुधवार को पुलिस को मालूम पड़ा। उधर, घटना के बाद से अंकुर और निशा के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नाबालिक बच्ची को हवस का शिकार बनाया

## बच्चों की मां ने दुष्कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई



**लोनी करंट क्राइम।** थाना लोनी बॉर्डर इलाके की एक कॉलोनी में नाबालिक बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले युवक ने हैवानियत दिखाते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बच्ची की मां को जानकारी हुई तो उसने थाने में दुष्कर्मी के विरुद्ध बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने हैवान दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि लक्ष्मी गार्डन की रहने वाली एक महिला ने बताया कि बुधवार सबह किसी काम से बाहर गई हुई थी। उसकी नाबालिक बच्ची घर में अकेली थी मौके का फायदा उठाकर पड़ोस में रहने वाला समीर पुत्र मोहम्मद अंसार दोपहर लगभग 12:30 बजे उसके घर घुस गया और जबरन उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया तथा मौके से फरार हो गया। बच्ची की मां घर वापस लौटी तो उसने अपनी मां को उसके साथ हुई घटना की जानकारी दी। बच्ची की मां ने बॉर्डर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया पुलिस ने तत्काल प्रभाव से दुष्कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## राधा कृष्ण बड़े मंदिर में हुआ 51 वां श्री हनुमान चालीसा का पाठ

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की बह्मनान कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण बड़े मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन युवा मोर्चा द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीस का पाठ किया गया,सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान चालीसा पाठ के बाद नवनीत प्रियदास ने भक्तमाल की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव भिवोर हो गए। इसके अलावा राघव गोयल ,माधव गोयल,रुद्रांश शर्मा ने एक से एक हनुमान जी के भजन सुनाए। प्रियदास को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर वंश मित्तल ,संजय गोयल ,विकास गोयल ,अमित ,अंकित गर्ग ,अतुल गर्ग ,राजकुमार ,अक्षय सिंघल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### शहर में होगा उम्मीदों का खेल जब मेल सीट पर आयेगी फीमेल

सियासत के गजब खेल गाजियाबाद में ही हो रहे हैं। जिन्हे पूरा देश संकटमोचक कह रहा था, सुरंग से मजदूर सेफ बाहर आये तो पीएम ने जनरली उनकी शान में काफी कुछ कहा। जिन्हे खुद रैपिड रेल के उदघाटन पर पीएम ने पूछा उन्ही की उम्मीदो के साथ खेल हो गया। उनका सारा जलवा फेल हो गया और अब भाजपा में ही कोई ये बोला कि अभी खाली नही हुया है खटोला मगर दावेदारों का पूरा टोला आ गया है। कभी कमांडर का नाम तो कभी अलाने जी तो कभी फलाने जी का नाम। इन सबके बीच खबर ध्वज प्रणाम वालों की जुबान से हैं। वो बता रहे है कि कितना ही दावेदारी का मेला लग ले लेकिन खेला मेयर वाला ही होना है। इस सीट पर उपचुनाव होना है और यहां चेहरा कोई फीमेल तय होना है। जिन्हे थोड़ी बहुत उम्मीद और आशा है वो ट्राई कर सकती हैं।

### होली पर गुझिंया नही खिलाने वाले आ गये बधाई के लडडू लेकर

कहते है कि बदला जो वक्त तो नीम पर आम आने लगे जो कतरा कर निकल रहे थे उनके भी सलाम आने लगे। दुकानो के किराये को लेकर जब वो धरने पर बैठे तो जनरली दीदी पहुंची उनके पास। लैटर भी सीएम को साहब ने ही लिखा और डाटर फादर के इस स्नेह से गदगद भगवा फादर एंड सन ने कह दिया कि हम तो किसी भी विधायक को होली मिलन में नही बुलायेगें,हम तो होली ही नही मनायेगें। मगर फादर एंड सन को क्या पता था कि जिनका बहिष्कार कर रहे हो वो विधायक जी ही उम्मीदवार बनकर लोकसभा के इलेक्शन में आ जायेगें। मगर धरने पर बैठने वालों ने भी आने वाले डैमेज को कमाल के तरीके से मैनेज कर लिया। जो होली में नही बुला रहे थे वो बोली में मिठास घोलकर पूरी टोली के साथ लडडू लेकर पहुंच गये और बधाई देने लगे।

### पहले हुये वो मडंल से रिमूव फिर भगवा कमांडर के पास मूव

उस साईकिल वाले ने भी कतई कमाल ही काट दिया कमल छाप होने के लिये। पटका तो उसने उसी दिन पहन लिया था जब बस में बैठकर नारे लगाये थे। बस से लेकर रेल तक गया मगर बात बनी भगवा कमांडर के कर कमलों से पहने गये भगवा पटके के बाद। वैसे तो कद उनका जिक्र के लायक नही है लेकिन फूल वाले तफरी का कोई मौका नही छोड़ते। वो बता रहे हैं कि पहले तो वो खुद भी मडंल वाले ग्रुप से रिमूव हो गये और फिर पता नही क्या हुया कि कमांडर शरणम गच्छामि होते हुये वो कमांडर के पास मूव हो गये। कमांडर ने पहले ही प्रण लिया हुया है कि वो विपक्ष को हाफ और साफ करना चाहते हैं। वैसे भी जो खुद चलकर आ रहा है और एक पटके में ही गदगद हुया जा रहा है तो उसे इंकार भी क्या करना। बहरहाल अब फूल वाले ही हंस हंस कर बता रहे हैं कि भाईसाहब अब वो समाजवादी नही रहा अब वो विधिवत भाजपाई हो गया है।

# डासना क्षेत्र का बेटा बना कस्टम इंस्पेक्टर, बधाई देने वालों का लगा तांता



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** किसी ने खूब कहा कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। आपको बता दें कि डासना के रहने वाले एक युवा ने क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। एक छोटे से मदरसे से पढ़ने वाला नईम पुत्र अकबर सेंट्रल एक्साइज और कस्टम डिपार्टमेंट की पढ़ाई पास कर कस्टम इंस्पेक्टर बन गया है। आपको बता दें कि गाजियाबाद के डासना क्षेत्र के निवासी नईम ने डासना के ही 125 साल पुराने मदरसे से पढ़ाई कर जिसका नाम मदरसा इस्लामिया चश्मा ए फैज व अलहिरा पब्लिक स्कूल डासना से पढ़ाई की और वो अपने पिता से प्रोत्साहित होते रहे। नईम के पिता क्षेत्र के युवाओं को हमेशा से प्रोत्साहित करते रहते हैं और कहते हैं कि जिंदगी में अगर चैन सुकून है तो वह शिक्षा हासिल करने में है। अच्छे मुकाम पर पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन करने व देश का नाम बुलंदियों पर ले जाने में है, तो वहीं आपको बता दें कि कामयाबी हासिल करने में नईम ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी और रात दिन मेहनत करते रहे। अब सेंट्रल एक्साईज और कस्टम डिपार्टमेंट की पढ़ाई पास कर कस्टम इंस्पेक्टर बन गए हैं तो उनका छोटा भाई वसीम भी गृह मंत्रालय दिल्ली में एएसओ अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर की पोस्ट पर कार्यरत हैं। यह खबर सुनकर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तो क्षेत्र के लोगों ने नईम को मिठाई खिलाते हुए बधाई दी और कहा कि हमें खुशी है कि नईम ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है और हम चाहते हैं कि डासना क्षेत्र का हर एक बच्चा ऐसे ही देश का नाम रोशन करता रहे।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**लोनी करंट क्राइम।** ट्रानिका सिटी थाने इलाके के सुंगरपुर पुस्ता के पास एक ट्रक अनियंत्रित होने पर चालक ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने थाने में ट्रक व चालक के विरुध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली सोनिया विहार का रहने वाला मनीष ने दर्ज मुकदमें में उल्लेख किया है कि उसके पिता मोहनलाल एक अप्रैल की रात्रि को सुंगरपुर साइड से काम कर घर वापस लौट रहे थे कि पीछे से ट्रक आया जिसके चालक ने लापरवाही बरतते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिली तथा मौके पर भी पहुंची लेकिन ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग चुका था। पुलिस मृतक का पोस्टमार्टम कराकर उसके बेटे की तहरीर पर ट्रक व चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही है।

# मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में पति सहित चार ससुरालियों के विरुध रिपोर्ट




**लोनी करंट क्राइम।** एक विवाहिता ने पति, देवर, ननद ,ननदोई के विरुध मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करने के आरोप में जिलाधिकारी गाजियाबाद को शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। जिलाधिकारी ने लोनी पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के मुताबिक पति सहित चार ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है तथा मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि लोनी थाने की त्यागी मार्केट निवासी शमीम पुत्री जान मौहम्मद की शादी कांधला शामली निवासी मेहताब पुत्र अल्लाहबंद से एक वर्ष पूर्व हुई थी। मुकदमें में उल्लेख किया गया है कि मेहताब शादीशुदा है तीन बेटियों का पिता है शमीम भी तलाक शुदा है लेकिन दोनों की सहमति से मुस्लिम रीतरिवाज से शादी हुई लेकिन शमीम का आरोप है कि शादी के बाद कुछ दिन तो मेहताब का बर्ताव ठीकठाक रहा लेकिन तीन चार माह बीत जाने के बाद मेहताब उसके साथ जबरन अनैतिक संबध स्थापित करने लगा शमीम के विरोध करने पर मेहताब उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से गला दवाने का प्रयास करता था। आरोप यह भी है कि देवर तौसीफ भी उसके साथ मारपीट करता था तथा उसके साथ अश्लील हरकतें करता था जब इसका विरोध किया तो ननद सितारा व ननदोई साजिद भी मारपीट करने लगे। परेशान होकर शमीम ने जिलाधिकारी गाजियाबाद की शरण ली और लोनी थाने में उपरोक्त ससुरालियों के विरुध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## घर में घुसकर दो भाइयों के साथ की मारपीट

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में गाली देने का विरोध करने पर घर में घुसकर दो भाइयों की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की ईदगाह कॉलोनी निवासी रहीसुददीन परिवार सहित रहती है। उनका पुत्र रिहान कक्षा दस व फैजान बीकॉम का छात्र है। रिहान डॉक्टर के पास दवाई लेने के लिए जा रहा था। जब वह बीच रास्ते में पहुंचा तो कुछ युवक गाली देने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो इस बात को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो मामला शांत करा दिया लेकिन थोड़ी देर बाद ही दंबगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया और जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। हमले में रिहान व उनका भाई फैजान घायल हो गए। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। '




## अभी तो हुआ है केवल सेमीफाइनल



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में भले सेमीफाइनल का मुकाबला आसानी से पार कर लिया हो लेकिन असली कसरत और तैयारी तो अब फाइनल के लिए शुरू हो चुकी है। दरअसल पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना पहला चुनावी रोड शो गाजियाबाद में 6 अप्रैल को कर रहे हैं। उनके रोड शो की दूरी भले कम हो लेकिन माहौल विकराल होने वाला है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि डेढ़ किलोमीटर का सफर लगभग 1 घंटे के आसपास का रहने वाला है। इसमें सुरक्षा का ट्रिपल लेयर घेरा रहेगा, तो वहीं हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम रहेगा। जो प्रधानमंत्री मोदी की झलक पाने और सेल्फी और रील के लिए बेकरार नजर आएगा। सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आईपीएस अधिकारियों ने अलग-अलग पॉइंट बनाए हैं, जहां से वह सुरक्षा का प्लान लागू करेंगे लेकिन पुराने कार्यक्रम और अनुभव बताते हैं कि बड़े आयोजन में शातिर चोर पुलिस को चौंकाने का काम करते ही हैं। कुल मिलाकर बुद्ध को कमिश्नरेट में मामला थोड़ा शुद्ध रहा है पर शनि किस जोन और किस अधिकारी पर भारी पड़ता है यह देखना अभी शेष है। प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम है, ऐसे में छोटी सी भी गलती और भूल बड़ा झटका दे सकती है। सुनने में आ रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के लिए मीडिया का भी बड़ा हुजूम लगने वाला है। ऐसे में कई आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस अधिकारियों और खुफिया विभाग से लेकर सतर्कता वाले अलर्ट मोड पर अगले तीन दिन बने रहेंगे। वहीं कई जिलों और खास फोर्स को भी रोड शो के लिए रैडी कर लिया गया है। सुनने में आ रहा है कि अगर रोड शो वाले दिन 6 अप्रैल की रिपोर्ट ओके आई तो ही फाइनल पास माना जाएगा वरना गड़बड़ी मानी जाएगी। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी बता रहे हैं कि गाजियाबाद के एक माननीय खाकी वाले अधिकारियों के लिए मंच से ओपन चैलेंज कर चुके हैं। अब देखना होगा कि सेमीफाइनल के बाद फाइनल का क्या हाल रहता है और कौन इसके बाद कितनी फटकार और कितनी शुभकामनाएं हासिल करता है, यह 6 अप्रैल की शाम के बाद पता चल पाएगा। तभी कहा जा रहा है कि अभी केवल सेमीफाइनल हुआ है।

# साहिबाबाद मंडी में चाय बेचने वाले युवक की रॉड से हमला कर हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** लिंक रोड थाना क्षेत्र साहिबाबाद नवीन सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाने वाले युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में लोगों ने हंगामा किया। एसीपी रजनीश उपाधयाय ने बताया कि मरने वाले युवक का नाम मोबीन खान था। उसकी उम्र 32 साल थी वह साहिबाबाद सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोबीन के भाई फरीद का आरोप है कि रात एक बजे झंडापुर का गौरव दुकान पर आया। उसने आते ही उनके भाई मोबीन से धार्मिक नारे लगाने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर उसने भाई के ऊपर एक के बाद एक लोहे की रॉड से कई वार किए। वह लहूलुहान हो गया उसे निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि 20 दिन पहले भी आरोपित ने उसे धार्मिक नारे नहीं लगाने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

आरोप है कि घटना के दौरान 50 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी हुई थी। सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। करीब एक घंटे बाद पुलिस आई, हत्या का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। आरोपित गौरव को गिरफ्तार कर लिया है।



## दंबग ने युवक का सिर फोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव ढिड़ार में चारपाई ना बुनने से नाराज दंबग ने घर में घुसकर एक युवक की बेहरमी से पिटाई कर दी। इतना ही दीवार में सिर मारने से फट गया। गंभीर हालात में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव ढिड़ार निवासी दयावती परिवार सहित रहती है। उनका 40 वर्षीय पुत्र लोकेश शर्मा चारपाई बुनने का काम करता है। उसने गांव के ही जीत सिंह की चारपाई बुनने की बात कही। जीत सिंह ने लोकेश शर्मा को 100 रुपए एडवांस दे दिए और वह चारपाई बुनने लगा। इसी बीच वह अपने घर वापस आ गया। पीछे पीछे जीत सिंह भी उनके घर पहुंच गया और गाली गलौच करने लगा। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि जीत सिंह ने लोकेश शर्मा के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। बेहोश होने के बाद भी लोकेश शर्मा को उठाकर उसका सिर दीवार में दे मारा,जिस कारण सिर फट गया। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी जीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।


## एक्सप्रेस- वे पर कार की टक्कर से युवक घायल

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** कार की भिड़ंत से कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक के भाई ने दुर्घटना स्थल से फोन कर रिपोर्ट दर्ज करायी है। दिल्ली के महरौली के मैदान गढ़ी निवासी आदेश कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उनका भाई संदीप गत 30 मार्च की रात जब कार से हरिद्वार जा रहा था, जाते समय भोजपुर के निकट उसकी कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इस बीच एक्सप्रेस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने फोन पर उसके घर सूचना दी और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन नंबर के बारे में बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी हैं।

## दबंगों ने सरिये से हमला कर हाथ की हड्डी तोड़ी.

मोदीनगर। मामूली कहासुनी पर दबंगों ने सरिये से हमला बोल कर एक युवक के हाथ की हड्डी तोड़ दी। घायल पक्ष की ओर से पुलिस ने तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जगतपुरी निवासी लोकेश कुमार जब रात अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उसे कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश की, जिसका विरोध जताने पर उन्होंने गाली गलौच करनी शुरू कर दी। लोकेश के विरोध जताने पर दबंगों ने उस पर सरिये से जानलेवा हमला बोल दिया। हमले के दौरान लोकेश ने शोर मचाया तो वहां लोग एकत्र हो गये। इस बीच सरिये से हुए हमले में लोकेश के हाथ की हड्डी टूट गयी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में मुंद, पारूल, गौरव व कुंदन सहित चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है, आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगा दी गई है।

# आम के पेड़ पर युवक का शव लटका मिला



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** निवाड़ी में आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिला। किसानों की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव गून गेजा मार्ग पर स्थित मंगलवार को जब किसान अपने खेत पर जा रहे थे, तो उन्होंने आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटका होने के सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा, और आसपास के किसानों के जरिये तमाम प्रयास के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की जेब से भी ना ही कोई पहचान पत्र मिला और जांच के दौरान आसपास कोई भी सामान नहीं मिला। युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या कर शव लटकाया गया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस जांच कर रही है।

# कोर्ट के आदेश पर विवाद की रिपोर्ट दर्ज



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** छत से कबूतर उड़ाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने एक युवक को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस पर आरोप है कि उसने उल्टा शिकायतकर्ता घायल युवक के परिवार के ही तीन लोगों को शांति भंग करने के आरोप में जेल भेज दिया। मामला कोर्ट में पहुंचा तो कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। संतपुरा निवासी महिला मीनाक्षी देवी की ओर से कोर्ट के आदेश पर पुलिस की ओर से दर्ज मामले में बताया गया है कि गत वर्ष 25जनवरी को जब उसका बेटा आकाश मेरठ से डयूटी कर लौट और उस पर छत से कबूतर उड़ाने का आरोप लगाकर पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। विवाद के इस प्रकरण में घायल आकाश ने पुलिस से शिकायत की, आरोप है कि पुलिस ने उल्टा आकाश, विमल व प्रशांत को शांति भंग करने के आरोप में ही जेल भेज दिया। मामला कोर्ट पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने इस प्रकरण में दलित महिला के बेटे के साथ मारपीट करने के आरोप मे पड़ोसी युवक नागेद्र,गौरव व दो अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं मे मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामले की दोबारा फिर से जांच करायी जा रही है।

# युवक पर जानलेवा हमला

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** मामूली कहासुनी के चलते दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पक्ष की ओर से पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने,गाली गलौच देने के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गांव रघुनाथपुर खेड़ा निवासी यशपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सायं उसका बेटा नितिन जब घर के बाहर खड़ा था, तभी पड़ोस में रहने वाले प्रिंस पक्ष के लोगों ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर इन लोगों ने लाठी डंडों से नितिन पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर जुटी भीड़ देख आरोपी भाग निकले। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घायल नितिन के पिता यशपाल की ओर से गांव के ही प्रिंस, विकास, भूरे व बिन्दर सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं, आरोपी फरार बताये गये हैं।

# ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह की बेटी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान पाया



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** प्राथमिक विद्यालय- 2 ग्राम लतीफपुर तिबड़ा में कक्षा चार में पढ़ने वाली ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह की पुत्री संचिता चौधरी ने कक्षा चार में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सुचेता सिंह पूर्व में भी प्रेरणादायक रही हैं, कि उनकी बेटी गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती है। प्रधानध्यापिका रीना सिंह ने बताया कि संचिता एक होनहार छात्रा है, जो पढ़ाई के साथ ही खेलकूद एवं योग में भी अपने विद्यालय का कई बार नाम रोशन कर चुकी है। इस मौके पर सभी छात्रों के अभिभावकगण उपस्थित रहे। सुचेता सिंह का कहना है कि उनकी पुत्री गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के बारे में उनको कई बार उच्च श्रेणी के लोगों से ही सुनना पड़ता है कि वह संपन्न परिवार से होने के बाद भी अपनी पुत्री को सरकारी स्कूल में क्यों शिक्षा दिलाती हैं, लेकिन उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व योगदान व शिक्षा प्रणाली को सुधारते हुए प्राथमिक विद्यालय की कायाकल्प की गई है। जिस पर विश्वास जताते हुए उन्होंने अपनी पुत्री का दाखिला प्राथमिक विद्यालय में कराया और आज उनकी पुत्री द्वारा विद्यालय और

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर क्षेत्र के कई गावों का दौरा कर अपने लिए मांगे वोट

## कांग्रेस समर्थकों ने डॉली शर्मा को स्थानीय मुहल्ले और बाजारों में जगह-जगह घुमाया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुद्धवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। उन्होंने सुठारी, जलावा, सुराना, रावली आदि गांवों का धुंआधार दौरा कर अपने लिए वोट मांगे। कांग्रेस समर्थकों ने डॉली शर्मा को स्थानीय मुहल्ले और बाजारों में जगह-जगह घुमाया और स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आम लोगों को आश्वस्त किया कि आपकी सभी समस्याओं के समुचित हल निकलवाने में सहयोग करुंगी।

इसके लिए मैं सड़क से संसद तक संघर्ष करूंगी, लेकिन आप लोगों को नाउम्मीद नहीं होने दूंगी। इसी क्रम में वह सुठारी गांव पहुंचीं और जिला पंचायत सदस्य विकास यादव के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भक्तिभाव से शिरकत की। यहां पर कथावाचक ने उन्हें पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

बता दें कि विकास यादव ने अपने पिता स्व. प्रीतम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर इस कथा का आयोजन किया जहां सपा के राज्यसभा सदस्य प्रो. राम गोपाल यादव, पूर्व एमएलसी व मंत्री राकेश यादव, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री रमेश प्रजापति, सपा प्रवक्ता मनीषा त्यागी काकड़ा, कुलदीप त्यागी के अलावा ग्राम प्रधान आदि भी पहले से मौजूद रहे जहां डॉली शर्मा ने उनसे राजनीतिक परिचर्चा की। इसी गांव में वो स्व. इंदू यादव के आवास पर पहुंचीं और उनकी पुत्री तान्या से मिलीं। उन्होंने उसे आश्वस्त किया कि पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई दिक्कत महसूस हो तो मुझे बता देना, प्रशासन से पूरी मदद करवाउंगी।

वहीं, जलावा गांव में वह मोसाद त्यागी के यहां पहुंचीं और जनसमर्थन मांगा। यहां के लोगों ने उन्हें आश्वस्त किया कि यह त्यागी मुसलमान का गांव है, जो आपके साथ मजबूती पूर्वक खड़ा है। यहां ब्रह्मदत्त त्यागी खिंदौड़ा, विकास त्यागी, खलील त्यागी, आनंद त्यागी, ज्ञानेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहे। इसलिए गरीबों, बेबसों के हित में कांग्रेसनीत इंडिया गठबंधन को लाइए। हमारे नेता राहुल गांधी-प्रियंका गांधी-अखिलेश यादव-अरविंद केजरीवाल आदि के हाथ मजबूत कीजिए। यहां पर उन्होंने रावली रोड के बाजारों में दुकानदारों से जनसमर्थन मांगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, सपा नेता राहुल पंडित, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा, अमित यादव, सचिन यादव, सचिन चौधरी, प्रशांत शर्मा, मोनू पंडित आदि लोग जगह-जगह पर उनके साथ रहे।

### सुराना में पहुंची देवेंद्र सिंह एडवोकेट के घर

**(करंट क्राइम)।** सुराना गांव निवासी देवेंद्र सिंह एडवोकेट के घर पहुंचीं और उनकी पुत्रवधू स्व. तन्वी देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वह शिक्षाविद मूलचंद यादव की प्रपौत्र वधू हैं, जो इस इलाके के नामी आदमी थे। यहां से निकलकर वह सुराना गांव के नेता सुरेंद्र त्यागी के घर पहुंचीं और विद्यापन पब्लिक स्कूल, रावली रोड की प्रिंसिपल लवली त्यागी से मिलीं। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनमानस को धोखा दिया है। भाजपा नेताओं ने आम आदमी के हितों से खिलवाड़ किया है।




## सपा नेताओं के साथ डॉली शर्मा ने किया क्षेत्र में जनसम्पर्क





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** कांग्रेस- सपा गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हाजी परवेज चौधरी के आवास पर पहुंचीं और स्थानीय गणमान्य लोगों से मिलीं। बाद में राणा मैरिज होम, मुरादनगर के पीछे स्थित समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव फारुख चौधरी और मुरादनगर के नगर अध्यक्ष शोएब चौधरी के आवास पर पहुंचीं और वोट की अपील की।

यहां उनके साथ सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महबूब अंसारी, कांग्रेस नेता अलीमुद्दीन कस्सार, देवदत्त त्यागी, चांद सिंह, सुहैल चौधरी आदि मौजूद थे। तत्पश्चात, वह जलालपुर रोड स्थित आकाश गुप्ता के आवास पर पहुंचीं। यहां पर भी उन्होंने समाज के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात की, जिनमें जलालपुर के जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, रणधीर सिंह, महेश शर्मा आदि प्रमुख रहे। इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा रेबड़ी गांव, मुरादनगर निवासी रकम सिंह के आवास पर पहुंचीं और उन्हें शोक सांत्वना प्रदान करते हुए ढाढ़स बंधाया। बता दें कि उनके पुत्र अंकुर सिंह और उनकी पुत्रबधू के अलावा एक बच्चे की असामयिक मौत गत सोमवार की रात हो चुकी थी जिसकी खबर मिलते ही डॉली शर्मा अपने समर्थकों के साथ उनके आवास पर पहुंचीं और बताया कि कुछ पल ऐसे होते हैं,

जब इंसान सही निर्णय नहीं ले पाता है और ऐसी हृदय विदारक घटना सामने आ जाती है। डॉली शर्मा सुल्तानपुर गांव के पूर्व प्रधान मनोज चौधरी के आवास पर पहुंचीं और समाज के प्रमुख लोगों से मिलकर अपना सियासी पक्ष रखा। यहां मौजूद रंजीत चौधरी, अंकित शर्मा, प्रवीण चौधरी, नवनीत चौधरी, बिल्लू चौधरी, चंद्रपाल प्रधान, फौजी प्रधान आदि से मिलीं। लोगों ने बताया कि मनोज प्रधान, चौधरी चरण सिंह, अजित सिंह, राजपाल मंत्री और अजीत पाल विधायक के करीबी रहे हैं लेकिन कुछ कारणों से नाराज हैं और आपको पूरा समर्थन देकर जिताएंगे। इस पर डॉली शर्मा ने उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, सपा नेता राहुल पंडित, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा, अमित यादव, सचिन यादव, सचिन चौधरी, प्रशांत शर्मा, मोनू पंडित आदि लोग जगह-जगह पर उनके साथ रहे।

## पूव मंत्री सतपाल महाराज का किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू छाबड़ा के नेतृत्व में उत्तराखंड के कैबिनेट मिनिस्टर व पूर्व सांसद सतपाल महाराज का हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने बालों में मुख्य रूप से राकेश प्रमुख, संजीव लाहोरिया हरि मेहता, सुनील चाचा, प्रदीप शर्मा, नकुल अरोड़ा, वाशुल गर्ग, युग छाबड़ा, उपाध्यक्ष एबीवीपी नॉर्थ केंपस दिल्ली यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे।



## गाजियाबाद के लोगों से दिली लगाव है राजनाथ सिंह का: अजय गुप्ता




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि ऊंचे व्यक्तित्व और ऊंचे विचारों का कोई मोल नहीं होता,यह साबित कर दिया रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए रामलीला ग्राउंड घंटा घर पर विशाल जनसभा को संबोधित करके। 28 सालों से गाजियाबाद लोकसभा सीट क्षत्रिय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है,पर इस बार हाईकमान ने यह सीट पर वैश्य समाज का प्रत्याशी बनाकर सीट वैश्य समाज के खाते में डाल दी गई। गाजियाबाद बीजेपी का गढ़ माना जाता रहा है,2014 और 2019 में जनरल वीके सिंह ने बाहरी प्रत्याशी के मिथक को तोड़कर पूरे भारत में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीता। दिल्ली के नजदीक होने के कारण गाजियाबाद की सीट को हॉट सीट माना जाता है, देश की राजनीति में गाजियाबाद का योगदान महत्वपूर्ण रहता है। यही कारण है कि अब रक्षामंत्री के बाद 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री पीएम मोदी रोड शो करने गाजियाबाद आ रहे हैं। अजय शर्मा का कहना है कि लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग भारी मतों से जीतकर गाजियाबाद के नागरिकों में अपनी जगह जरूर बनाएंगे।

## डॉ. बीपी त्यागी ने जागृति विहार के स्कूल में दी रेबीज की जानकारी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के प्रमुख डॉ. बीपी त्यागी ने संजय नगर के जागृति विहार के एक स्कूल का दौरा कर शिक्षकों तथा बच्चों को रेबीज के बारे में जानकारी दी। डॉ. त्यागी ने बताया कि स्कूल में 1 से 8 क्लास के ऊपर सिर्फ एक अध्यापक को पाया। इसके अलावा स्कूल में शौचालय बहुत बुरी हालत में पाए गए। बच्चे रेबीज के बारे में कुछ नहीं जानते थे। इम्युनिजेशन किसी बच्चे का पूरा नहीं था, लाइब्रेरी का नामो निशान नहीं था। प्रधानमंत्री लर्निंग प्रोग्राम की तो बात छोड़िए बच्चे प्रधानमंत्री का नाम तक नहीं जानते थे। डॉ. त्यागी का कहना है कि स्कूलों में जब शिक्षक ही नहीं हैं तो फिर राष्ट्रीय शिक्षण प्रशिक्षण की तो बात ही भूल ही जानी चाहिए। जो बीजेपी ने स्मार्ट क्लासेज का वायदा किया था ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा स्कूलों में। डिजिटल लाइब्रेरी की बात तो दूर साधारण लाइब्रेरी भी नहीं थी। यह गाज़ियाबाद के संजय नगर का स्कूल उन स्कूलों में एक है जिसकी कायाकल्प का हमारी बीजेपी सरकार 2017 में वादा कर चुकी है।

## बसपा कार्यकर्ता कर रहे थे अम्बेडकर पार्क में अपने उम्मीदवार का इंतजार

### परम्परा से अलग पहले नामांकन दाखिल किया और फिर पार्क में पहुचें बसपा उम्मीदवार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण में बसपा का हाथी इस बार अपने पहले महावत को उतार कर अब दूसरे महावत के साथ मैदान में आया है। लेकिन बुधवार को उस वक्त सब हैरान रह गये जब बसपा की परम्परा ही टूट गई और ये हुआ कि बसपा जिलाध्यक्ष दयाराम सैन नवयुग मार्किट के अम्बेडकर पार्क में खड़े थे और बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्दकिशोर पुण्डीर कलैक्ट्रेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे थे। आमतौर पर ये परम्परा रही है कि बसपा का कोई भी उम्मीदवार पहले अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को पुष्प अर्पित करता है और उसके बाद जय भीम के नारों के साथ पूरी बसपा टीम नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कूच करती है। लेकिन बुधवार को बसपा का हाथी आधा इधर और आधा उधर रह गया। बसपा कार्यकर्ता पार्क में इंतजार करते रह गये और उम्मीदवार ने पर्चा भी भर दिया।

इसके पीछे की कहानी यह बताई जाती है कि बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर मुजफ्फरनगर से आयें है और उन्हें यहां की ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने अपना फार्म भरा था और वह बसपा के रवि कुमार कुलदीप ओके व एक अन्य पदाधिकारी से साथ एक प्रशासनिक अधिकारी के पास अपना फार्म चैक कराने गये थे। बताते हैं कि यहां लगभग एक घंटा लग गया। इसी बीच फार्म की जांच भी हो गयी और अधिकारी ने सलाह दी कि अब पहले जाओगे फिर दोबारा आओगे इससे बेहतर यह है कि पहले फार्म जमा कर दो।

इसके बाद उनके उम्मीदवार के साथ गये तीनों बसपा पदाधिकारियों ने भी उम्मीदवार को परम्परा का ज्ञान नहीं कराया बल्कि पहले उनका फार्म जमा कराया। इसके बाद जब बसपा उम्मीदवार अम्बेडकर पार्क पहुंचे तब सबको पता चला कि बसपा उम्मीदवार ने तो पर्चा भी दाखिल कर दिया। पहली बार ये परम्परा टूटी और नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद बसपा उम्मीदवार ने अम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब को पुष्प अर्पित किये। इसके बाद उन्होंने साठा चौरासी में अपने कार्यक्रम बताये और फिर वो धौलाना पिलखुवा की ठाकुर बैल्ट में प्रचार करने के लिए चले गये।

पार्क में मौजूद बसपा कार्यकताओं का यही कहना था कि नामांकन पत्र का जुलुस जाना है या हम सबको कलैक्टर पहुंचना है इसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी। यह अच्छी बात नहीं है। हालांकि बसपा की ही एक टीम का यहां तर्क टाइम मैनेजमेंट को लेकर था। उनका कहना था कि समय की उपलब्धता के हिसाब से यह काम किया गया। क्योंकि नामांकन पत्र दाखिल करने का समय भी निकल सकता था। इसलिए ऐसा किया गया। बहरहाल परम्परा का टूटना चर्चा का विषय रहा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि तरुण जी के अरुण जी की आँखों में देखा मैंने उबलता हुआ सैलाब ? हम देख रहे थे वो अपनी अनदेखी को लेकर अपनी ही बिरादरी वाले एक ब्रदर से थे बहुत ज्यादा नाराज ? उन्होंने बिरादरी वाले की आँखों में आँखें डालकर दे डाला 6 तारीख का अल्टीमेटम ? कहा अब आप अपनी ज़िम्मेदारी के उल्टे दिन गिनने शुरू कर दो भाईसाहब ? या तो अब आप अपनी इस ज़िम्मेदारी पर रहोगे ? या फिर हम अब नहीं दिखाई देंगे आपके आस पास ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब देखे साहिबाबाद वाली मीटिंग में भगवा कमिश्नर्स ने पंडित जी के तेवर ? फिर सब ने तय किया कि अब नहीं करेंगे हम इस व्यक्ति की फेवर ? सुना है सभी अपनी शिकायत लेकर पहुँच गये वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के पास ? कहा भाईसाहब मीटिंग में जो शब्द कहे है भगवा पंडित जी ने ? हम है उससे बहुत ज्यादा नाराज ? सुना है ठाकुर साहब भी इस नाराजगी को ठीक से गये भांप ? उन्होंने पंडित जी को हिदायत देते हुए कहा, आपको नहीं देने चाहिए इस तरह के भाषण ? चुनाव ही तो चल रहे है ? यहाँ नहीं लगा है कोई राष्ट्रपति शासन ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा लेडी फ्रंट की कमांडर बनने के बाद, त्यागी दीदी को रखना होगा थोड़ा अपनी कम्युनिकेशन पर ध्यान ? नहीं तो नाराजगियों का सिलसिला उनके लिए चुनौती बन जाएगा साहिबान ? सुना है उन्होंने संगठन विस्तार को बुलाई थी एक अहम बैठक ? जिसमे शामिल होने को लेकर नहीं दी उन्होंने कई चेहरों को सूचना ? हम सुन रहे थे इस मामले में बधौरिया दीदी के नाराजगी भरे शब्द ? हम हैरान है कि भगवा ठकुराइन पार्टी की गतिविधियों में हद से ज्यादा ऐक्टिव रहती है ? फिर त्यागी दीदी ने क्यों जरूरी नहीं समझा उनको पूछना ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बजरियाँ वाली जैन फैमेली भगवा होकर भी नहीं होने दे रही है भगवा वाला एहसास ? ऐसा हम नहीं कह रहे ? इस तरह की चर्चा कर रहे थे भगवा कमिश्नर साहब ? किसे से कह रहे थे पीएम की रैली को लेकर मैंने काफी बार लगाये जैन फैमिली को फोन ? मगर ना तो फादर ने दिया, और ना ही पुत्र ने दिया मेरे कॉल का रिस्पांस ? कहने वाले ने कहा, हम सच बता रहे है ? नहीं ले रहें है किसी तरह की खुश्की ? गतिविधियों को देखकर स्पष्ट है हो रहा है, पूरी फैमिली नहीं दिखा रही है चुनावों में दिलचस्पी ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही नदिया पार के भगवा खेमका को दे दी हो पार्टी ने वापसी वाली फेवर ? मगर हम देख रहे है कि अभी भी काफी क्रांतिकारी है उनके तेवर ? हमने देखा कि राजनाथ जी वाली जनसभा के पास नहीं मिलने से वो हो रहे थे बहुत ज्यादा नाराज ? उनके शब्दों से निकल रही थी एक भगवा कमिश्नर के खिलाफ आग ? ना जाने भविष्य में क्या गुल खिलाएगा, खेमका जी के गुस्से का सैलाब ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के जिस भगवा राजकुमार ने पूरे प्रदेश में पेश की अश्वमेघ रथ चलाने वाली मिसाल ? सुना है जब से बड़ी है हैवीवेट वालों की ताकत ? तब से भाटी जी का जलवा हो गया है और भी ज्यादा जलाल ? सुना है अब स्थानीय जनता करती है उनकों मंत्री कहकर उद्बोधन ? ऐसा सुनकर खिलखिला जाता है भाटी जी का चेहरा, सुनकर ऐसा उद्बोधन ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार के मेम्बर हिमांशु भैया की राजनीति के है अपने अलग ही ठाठ ? उन्होंने पीएम की रैली में जैसे ही देखा जयंत भैया का कटआउट ? वैसे ही पूरे वेग से जाग गया उनके अंदर का जाट ? कटआउट लेकर जा रहे एक समर्थक को उन्होंने किया रोकने का प्रयास ? कहा ये कटआउट तुम हमको दे दो ? इसका क्या करोगे आप ? हिमांशु भैया के शब्द सुनकर हो गई आम आदमी की भावनायें आउट ? उसने कहा, हम प्योरे हैंडपंप वाले है ? गले में भगवा पटका पहनकर आप मत फैलाओ इस तरह के डाउट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ह्यकल यानीह्य जी इस वक़्त देख रहे है बड़ा नेता बनने के ख़्वाब ? हमने देखा रक्षामंत्री की जनसभा वाली फोटो कलेक्ट करने के लिए लगी हुई थी उनके अंदर जबर्दस्त आग ? वो अपने सभी फोटो फेसबुक पर शेयर करने के लिए हो रहे थे बेकरार ? फिर किसी ने उनके अतिउत्साह पर तफरी लेते हुए कहा ? राजनीति के अभी कई पहाड़े इनको पड़ने है श्रीमान ? केवल फोटो अपलोड करने से ये नहीं बनपायेंगे इतनी जल्दी चौहान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि माननीय जी वाली सभा में कई चेहरों ने ओबीसी वाले एक बड़े पदाधिकारी पर उठा दिये निशान सवालिया ? सुना है ये चेहरा भरी जनसभा के बीच में किसी को फोन पर दे रहे थे जी भर के गालियाँ ? उनके मुख से इस तरह के अपशब्द सुनकर काफी लोग हो रहे थे हैरान ? कहने वाले कह रहे थे, इस तरह से अपने मुँह से लगातार बीप बीप निकालने वाले ये नेता खराब कर देंगे पार्टी की पहचान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि घंटाघर की रैली वाले मंच पर एक वैश्य नेता भी थे पूरी शिद्दत से मौजूद ? भगवा गढ़ की राजनीति में इस चेहरे का बताया जाता है काफी मजबूत वजूद ? बताये जाते है ये चेहरे माननीय जी के भी बड़े फैन ? सुना है ये उनके फोटो लेने के लिए दिख रहे थे काफी ज्यादा बेचैन ? मगर हमने देखा, सिक्योरिटी वालों को पसंद नहीं आयी इनकी अदा ? उन्होंने फोटो लेते हुए वैश्य नेता को बीच में ही दिया रोक ? इसे पूरे घटनाक्रम को याद कर करके, हमे हो रहा है बहुत ज्यादा अफसोस ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Sanjeev Gupta
HAPPY BIRTHDAY my dear son आज इस अनमोल दिन हमारे घर आंगन में, पुत्र के रूप में चमके एक सितारे से हमारे परिवार की आनंदमय खुशियाँ आरंभ हुई। ऐसी असीम खुशियाँ, सुख, समृद्धि और उन्नति की नींव जिसके आगमन से हमारे जीवन में माता रानी ने रखी। ऐसे शांत, सौम्य, परिपक्व और सफल मेरे ज्येष्ट पुत्र अभिषेक गुप्ता को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनायें और बहुत बहुत आर्शिवाद आप सदैव स्वस्थ रहे। और उन्नति और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए। दुनिया में अपनी लोकप्रियता बढ़ायें।
पुनः शुभकामनाएँ एवं आर्शिवाद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता के सुपुत्र अभिषेक गुप्ता के जन्मदिन पर एक पिता ने बेटे के लिए दिल के जज्बात को शब्दों में ढाला और अपने शांत सौम्य परिपक्व बेटे के लिए दुनिया की सारी खुशियां मांगी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।